डिजिटल संस्करण

पूर्णिया मंगलवार
7 अक्टूबर 2025




18 वीं
विधानसभा

243 विधानसभा सीट

# न्यूज स्केल

रिजल्ट
14 नवंबर

बिहार में मतदाता
7.42 करोड़

पहला चरण
6 नवंबर

दूसरा चरण
11 नवंबर

**पहला चरण**
**18 जिले**
**121 सीट**

जिलेः मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर, बक्सर

**दूसरा चरण**
**20 जिले**
**122 सीटें**

जिलेः पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, कैमूर, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई

## ✓ बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी


## ✓ वोटिंग 6 नवंबर और 11 नवंबर को

# दो चरणों मे चुनें सरकार

महिला मतदाता 3.50 करोड़

पुरुष मतदाता 3.92 करोड़

पहली बार वोट करने वाले मतदाता - 14 लाख




| Poll Event | 1st Phase (121 ACs) | 2nd Phase (122 ACs) |
|---|---|---|
| Issue of Notification | 10-10-2025 (Friday) | 13-10-2025 (Monday) |
| Date of Poll | 06-11-2025 (Thursday) | 11-11-2025 (Tuesday) |
| Date of Counting | 14-11-2025 (Friday) | |

### छठ पर्व के बाद ही होंगे चुनाव



मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि आयोग ने पिछले सप्ताह बिहार का दौरा किया था, जहाँ सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने यह आग्रह किया था कि छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराए जाएं, ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने-अपने क्षेत्र में मतदान कर सकें। आयोग ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए तारीखों की घोषणा में इसे ध्यान में रखा है।

### मतदान केंद्रों पर रहेंगी ये सुविधाएँ

1 वोटर फेसिलिटेशन सेंटर और हेल्प डेस्क
1 पोल वॉलंटियर्स की नियुक्ति
1 दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप और व्हीलचेयर
1 शौचालय, पीने के पानी, और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था
1 मतदान केंद्र की जानकारी वाले सूचना बोर्ड

आयोग ने कहा कि सभी जिलों में संबंधित डीएम और एसपी के माध्यम से सुरक्षा और लॉजिस्टिक तैयारी पर काम शुरू कर दिया गया है।

### बिहार में विधानसभा का चुनावी आंकड़ा

**राज्य में कुल 243 सीटें**

» सामान्य सीट -203
» एसटी सीट - 02
» एससी सीट - 38
» बिहार में कुल मतदाता - 7.42 करोड़
» बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या - 4 लाख
» 100 साल पूरे कर चुके मतदाता - 14 हजार
» पहली बार वोट करने वाले मतदाता - 14 लाख
» पुरुष मतदाताओं की संख्या - 3.92 करोड़
» महिला मतदाताओं की संख्या - 3.50 करोड़
» ट्रांसजेडर्स मतदाताओं की संख्या - 1725
» दिव्यांग मतदाताओं की संख्या - 7.2 लाख
» 85 साल उम्र के मतदाताओं की संख्या - 4.04 लाख
» सेवारत मतदाओं की संख्या - 1.63 लाख

### पहले चरण में इन 121 सीटों पर मतदान

बिहार में पहले चरण में 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। जिसमें ये सीटें शामिल हैं। आलमनगर, बिहारीगंज, सिंहेश्वर (एससी), मधेपुरा, सोनबर्षा (एससी), सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, कुशेश्वर अस्थान (एससी), गौरा बौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी, जाले, गायघाट,औराई, मीनापुर, बोचहां (एससी), सकरा ( अनुसूचित जाति, कुरहनी, मुजफ्फरपुर, कांति, बरुराज, पारू, साहेबगंज, बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचायकोटे, भोरे (एससी), हथुआ, सिवान,जीरादेई, दरौली (एससी), रघुनाथपुर, दरौंदा, बड़हरिया, गोरियाकोठी,महराजगंज, एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, मढ़ौरा,छपरा, गरखा (एससी),अमनौर, परसा,सोनपुर, हाजीपुर लालगंज, वैशाली, महुआ, राजा पाकर (एससी), राघोपुर, महनार, पातेपुर (एससी), कल्याणपुर (एससी), वारिसनगर, समस्तीपुर, उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर, विभूतिपुर रोसेरा (एससी), हसनपुर, चेरिया-बरियारपुर, बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बेगुसराय, बखरी (एससी),अलौली (एससी), खगड़िया, बेलदौर, परबत्ता, तारापुर, मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, शेखपुरा, बरबीघा, अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर (एससी), इस्लामपुर, हिल्सा, नालन्दा, हरनौत, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब, फतुहा, दानापुर, मनेर, फुलवारी (एससी), मसौढ़ी (एससी),पालीगंज, बिक्रम, सन्देश, बरहरा,आरा,अगिआंव (एससी), तरारी, जगदीशपुर, शाहपुर, ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमराँव और राजपुर (एससी) विधानसभा सीट शामिल हैं।

### दूसरे चरण में इन 122 सीटों पर मतदान

बिहार में पहले चरण में 122 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। जिसमें ये सीटें शामिल हैं- वाल्मिकी नगर, रामनगर (एससी), नरकटियागंज, बगहा, लौरिया, नौतन, चनपटिया, बेतिया, सिकटा, रक्सौल, सुगौली, नरकटिया, हरसिद्धि (एससी), गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, मधुबन, मोतिहारी, चिरैया, ढाका, शिवहर, रीगा, बथनाहा (एससी), परिहार, सुरसंड, बाजपट्टी, सीतामढी, रुन्नीसैदपुर, बेलसंड, हरलाखी, बेनीपट्टी, खजौली, बाबूबरही, बिस्फी, मधुबनी, राजनगर (एससी), झंझारपुर, फुलपरास, लौकहा, निर्मली, पिपरा, सुपौल, त्रिवेणीगंज (एससी), छातापुर, नरपतगंज, रानीगंज (एससी), फोर्बेस्गंज,अररिया, जोकीहाट, सिकटी, बहादुरगंज, ठाकुरगंज, किशनगंज, कोचाधामन,अमौर, बैसी, कसबा, बनमनखी (अ.जा.), रुपौली, धमदाहा,पूर्णिया, कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी (एसटी), बरारी,कोरहा (एससी), बिहपुर, गोपालपुर, पीरपैंती (अनुसूचित जाति), कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, नाथनगर, अमरपुर, धोरैया (एससी), बांका, कटोरिया (एसटी), बेलहर, रामगढ, मोहनिया (एससी), भभुआ, चैनपुर, चेनारी (एससी), सासाराम, करगहर, दिनारा, नोखा, डेहरी, काराकाट, अरवल, कुर्था, जहानाबाद, घोसी, मखदुमपुर (एससी), गोह, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा (एससी), औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज (एससी), बाराचट्टी (एससी), बोधगया (एससी), गया टाउन, टिकारी, बेलागंज, अत्रि, वजीरगंज, रजौली (अनुसूचित जाति), हिसुआ,नवादा, गोबिंदपुर, वारसलिगंज, सिकंदरा (एससी), जमुई, झाझा और चकाई

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

कठिनाइयाँ हमें मजबूत बनाने के लिए आती हैं, उन्हें चुनौती समझो, बाधा नहीं।



7 अक्टूबर 1975 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अपनी पहली उपग्रह लॉन्च योजना तैयार की।

पूर्णिया मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74245 | वर्ष 02, अंक 196

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : दो चरणों में मतदान 6 और 11 नवंबर को पड़ेगा वोट, 14 को होगी मतगणना

## चुनाव आयोग ने किया तारीखों का ऐलान, पहली बार पोलिंग बूथों पर मोबाइल डिपोजिट की होगी सुविधा

**पटना, (हि.स.)** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तारीखों की औपचारिक घोषणा कर दी। बिहार में इस बार दो चरणों में मतदान होगा — पहला चरण 6 नवंबर और दूसरा चरण 11 नवंबर को। वहीं, मतों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है, इसलिए पूरा चुनावी कार्यक्रम 16 नवंबर तक संपन्न कर लिया जाएगा।।

**7.42 करोड़ मतदाता, 14 लाख पहली बार करेंगे मतदान**

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि बिहार में कुल 7 करोड़ 42 लाख मतदाता हैं, जिनमें 3.92 करोड़ पुरुष और 3.5 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। इस बार 14 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जबकि 14 हजार मतदाता ऐसे हैं जिनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक है। पूरे राज्य में 90,712 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान से पूर्व मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी का नाम छूट गया है तो नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने से 10 दिन पहले तक नाम जुड़वाया जा सकता है।

**मोबाइल डिपोजिट फैसिलिटी आयोग की नई पहल**

इस बार चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए एक नई पहल की है। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर रोक तो बनी रहेगी, लेकिन पोलिंग बूथ के बाहर मोबाइल डिपोजिट सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। मतदाता बूथ में प्रवेश करने से पहले अपना मोबाइल सुरक्षित रूप से वहां रख सकेंगे और मतदान के बाद वापस ले सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि राज्य के दो-तिहाई मतदाता 35 वर्ष से कम उम्र के हैं, इसलिए आयोग ने युवाओं को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा जोड़ी है।



**मतदान केंद्रों पर रहेंगी ये सुविधाएँ**

1. वोटर फेसिलिटेशन सेंटर और हेल्प डेस्क
2. पोल वॉलंटियर्स की नियुक्ति
3. व्यांग मतदाताओं के लिए रैंप और व्हीलचेयर
4. शौचालय, पीने के पानी, और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था
5. मतदान केंद्र की जानकारी वाले सूचना बोर्ड

आयोग ने कहा कि सभी जिलों में संबंधित डीएम और एसपी के माध्यम से सुरक्षा और लॉजिस्टिक तैयारी पर काम शुरू कर दिया गया है।

**छठ पर्व के बाद ही होंगे चुनाव**

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि आयोग ने पिछले सप्ताह बिहार का दौरा किया था, जहाँ सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने यह आग्रह किया था कि छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराए जाएं, ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने-अपने क्षेत्र में मतदान कर सकें। आयोग ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए तारीखों की घोषणा में इसे ध्यान में रखा है।

**बिहार में विधानसभा का चुनावी आंकड़ा**

राज्य में कुल 243 सीटें

- सामान्य सीट -203
- एसटी सीट - 02
- एससी सीट - 38
- बिहार में कुल मतदाता - 7.42 करोड़
- बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या - 4 लाख
- 100 साल पूरे कर चुके मतदाता - 14 हजार
- पहली बार वोट करने वाले मतदाता - 14 लाख
- पुरुष मतदाताओं की संख्या - 3.92 करोड़
- महिला मतदाताओं की संख्या - 3.50 करोड़
- ट्रांसजेडर्स मतदाताओं की संख्या - 1725
- दिव्यांग मतदाताओं की संख्या - 7.2 लाख
- 85 साल उम्र के मतदाताओं की संख्या - 4.04 लाख
- सेवारत मतदाओं की संख्या - 1.63 लाख


**अन्य राज्यों में उपचुनाव भी 11 नवंबर को**

बिहार विधानसभा चुनाव के साथ ही जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान की कुछ सीटों पर उपचुनाव 11 नवंबर को कराए जाएंगे। इनकी मतगणना भी बिहार के साथ 14 नवंबर को ही होगी।

**2020 से अलग होगी 2025 की तस्वीर**

2020 का बिहार विधानसभा चुनाव कोविड-19 महामारी के दौरान तीन चरणों में कराया गया था। इस बार आयोग ने दो चरणों में चुनाव कराने का निर्णय लिया है, ताकि मतदाताओं की सुविधा बढ़े और सुरक्षा प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सके।

**पहले चरण में 121, दूसरे में 122 सीटों पर मतदान**



**पहले चरण के लिए**

- पहले चरण की अधिसूचना 10 अक्टूबर
- नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर
- नामांकन पत्रों की जांच : 18 अक्टूबर
- नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर
- मतदान की तिथि : 6 नवंबर

**दूसरे चरण के लिए**

- अधिसूचना जारी : 13 अक्टूबर
- नामांकन की अंतिम तिथि : 20 अक्टूबर
- नामांकन जांच : 21 अक्टूबर
- नाम वापसी की अंतिम तिथि : 23 अक्टूबर
- मतदान की तिथि : 11 नवंबर

## राजस्थान में अनार की फसल प्रभावित, शिवराज सिंह चौहान ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली, (हि.स.)**

**व्यापक कार्ययोजना में शामिल होंगे छंटाई, उर्वरक/कीटनाशक उपयोग और आधुनिक तकनीक।**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान के बालोतरा जिले और आसपास के अनार क्षेत्रों में टिकड़ी रोग सहित अन्य फसल रोगों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक को वैज्ञानिकों की विशेष टीम भेजकर प्रभावित बागानों का दौरा कर स्थिति का आकलन करने को कहा। टीम फसल में रोगों के कारण, मौजूदा प्रबंधन और किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीकों का अध्ययन करेगी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आईसीएआर की रिपोर्ट के आधार पर व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिसमें पौधों की छंटाई, रोग प्रबंधन, उर्वरक व कीटनाशक के समुचित प्रयोग और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने के उपाय शामिल होंगे। प्रभावित किसानों को निर्यात गुणवत्ता के अनार उत्पादन और रोग प्रबंधन के लिए बीकानेर केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, सोलापुर राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र, काजरी जोधपुर और कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह समस्या केवल केंद्र एवं राज्य के संयुक्त प्रयास से नियंत्रित की जा सकती है, जिससे किसानों की आय और उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी।

## प्रधानमंत्री ने विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए भारतीय दल को बधाई दी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां आयोजित विश्व पैरा-एथलीट चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए भारतीय पैरा-एथलीट दल की सराहना की। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण सहित 22 पदक हासिल किए, जो देश की पैरा-खेल यात्रा में एक नया मील का पत्थर साबित हुआ। मोदी ने भारत द्वारा पहली बार इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने पर भी गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि हमारे पैरा-एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शन। इस वर्ष की विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेहद खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण पदकों सहित 22 पदक जीते। हमारे एथलीटों को बधाई। उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे अपने दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है और मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हू। उन्होंने कहा कि दिल्ली में टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात रही है। लगभग 100 देशों के एथलीटों और सहयोगी कर्मचारियों का आभार, जिन्होंने इस टूर्नामेंट का हिस्सा बने।




## सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी को मंत्री बनने के लिए अर्जी दाखिल करने को कहा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उच्चतम न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी से कहा कि अगर वे मंत्री बनना चाहते हैं तो उन्हें न्यायालय से अनुमति की अर्जी दाखिल करनी होगी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि अदालत बालाजी को मंत्री बनने से रोक नहीं रही, लेकिन यदि मंत्री बनने के बाद गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास पाया गया, तो जमानत रद्द की जाएगी। बालाजी ने यह अर्जी इसलिए दाखिल की थी क्योंकि अप्रैल में जस्टिस एएस ओका की बेंच ने कहा था कि लंबित मामले के दौरान वे मंत्री नहीं बन सकते। अदालत ने इसे रोक नहीं माना। 14 जून 2023 को बालाजी को गिरफ्तार किया गया था और 12 अगस्त को उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। मामला 2011-2015 में तमिलनाडु परिवहन विभाग में नियुक्तियों की कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।



## बिहार चुनाव अकेले दम पर मजबूती से लड़ेगी बसपा : मायावती

**लखनऊ (हि.स.)।**

**01: मायावती ने मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की उम्मीद जताई।**

**02 : नागरिकों से मतदान अधिकार का शांति-पूर्ण उपयोग करने की अपील।**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की तारीखों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बार बसपा अकेले दम पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मायावती ने उम्मीद जताई कि चुनाव आयोग बिहार में मतदान की व्यवस्था को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाएगा, जिससे धन, बाहुबल और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग से बचा जा सके।

**लोकतंत्र में मतदान का महत्व**

बसपा प्रमुख ने बिहार के नागरिकों से अपील की कि वे डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्रदत्त मतदान के संवैधानिक अधिकार का प्रयोग शांति और अनुशासन के साथ करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह उत्सव हर नागरिक की भागीदारी से ही सशक्त बनेगा। मतदान के माध्यम से लोग अपने राज्य में 'कानून द्वारा कानून का राज' और न्यायपूर्ण शासन सुनिश्चित करने में योगदान दें।

**बसपा की तैयारियां और अभियान** : मायावती ने बताया कि बसपा पार्टी के प्रत्येक स्तर के लोग पहले से सक्रिय हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द के नेतृत्व में 'सर्वजन हिताय जागरण यात्रा' का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। बसपा का मानना है कि बिहार के लोग 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत के पक्ष में 'हाथी' चुनाव चिन्ह पर मतदान करेंगे और पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाएंगे।

## सीजेआई पर हमले की कोशिश को सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी ने बताया संविधान पर हमला



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई पर हमले की कोशिश को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 'संविधान पर हमला' बताया। उन्होंने कहा कि अदालत के भीतर इस प्रकार की घटना निंदनीय है। सोनिया गांधी ने न्यायमूर्ति गवई की विनम्रता और मर्यादित व्यवहार की प्रशंसा की और कहा कि राष्ट्र को उनके साथ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

**प्रियंका गांधी की प्रतिक्रिया**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह हमला केवल न्यायाधीश पर नहीं, बल्कि संविधान, संपूर्ण न्याय व्यवस्था और कानून के शासन पर हमला है। उन्होंने न्यायपालिका और लोकतंत्र की रक्षा पर जोर दिया और कहा कि न्यायमूर्ति गवई ने अपनी मेहनत और योग्यता से सर्वोच्च न्यायिक पद हासिल किया है।

**घटना का विवरण**

बताया गया कि 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने न्यायमूर्ति गवई पर कुछ फेंकने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने तुरंत रोक लिया। वह मुख्य न्यायाधीश की कथित धार्मिक टिप्पणी से आहत था। पूरे घटनाक्रम में न्यायमूर्ति गवई ने शांति बनाए रखी और अदालत की कार्यवाही बिना रुकावट जारी रही। इस घटना ने देश में न्यायपालिका की सुरक्षा और संविधान के प्रति सम्मान की अहमियत को उजागर किया।

## प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में आग की घटना पर दुख जताया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को राजस्थान के जयपुर स्थित एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजस्थान के जयपुर स्थित एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई मौतों की खबर बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी घटना पर दुख जताते हुए एक्स पर कहा कि जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में आग लगने की घटना दुःखद है। स्थानीय प्रशासन मरीजों की सुरक्षा, इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। जिन लोगों ने इस हादसे में अपनी जान गंवाईं हैं, मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात लगी आग से सात मरीजों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर), दिलीप (आंधी, जयपुर), श्रीनाथ (भरतपुर), रुकमणि (भरतपुर), कुशमा (भरतपुर), सर्वेश (आगरा, उत्तर प्रदेश) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर) के रुप में हुई है।

## छत्तीसगढ़ : पांच किलो का प्रेशर कुकर बम बरामद, तीन नक्सली गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दंतेवाड़ा में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी। सातधार-मालेवाही मार्ग पर पांच किलो का प्रेशर कुकर आईईडी बम बरामद कर निष्क्रिय किया गया। तीन नक्सली—संतु मंडावी, मनीराम और सुखमन मंडावी—गिरफ्तार किए गए। इनके निशानदेही पर बम और आईईडी बनाने का सामान भी मिला।



## चीफ जस्टिस की तरफ कुछ फेंकने की कोशिश, आरोपित वकील हिरासत में

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आज एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में चीफ जस्टिस बीआर गवई पर कुछ फेंकने की कोशिश की गई। चीफ जस्टिस के कोर्ट रूम में कुछ फेंकने वाला व्यक्ति वकील है। उसका नाम राकेश किशोर है और उसकी उम्र 71 साल है। वह



चीफ जस्टिस गवई के उस बयान से आहत था, जिसमें उन्होंने ने भगवान विष्णु को लेकर टिप्पणी की थी।

जब उसने चीफ जस्टिस की तरफ कुछ फेंकने की कोशिश की, तो कोर्ट रूम में मौजूद दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल ने उसे पकड़ लिया। पुलिस जब उसे कोर्ट रूम से ले जा रही थी, तो उसने जोर से बोला "सनातन धर्म का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।"

इस बीच, पूरे घटनाक्रम के दौरान जस्टिस गवई शांत बने रहे और कोर्ट में सुनवाई यथावत जारी रही. उन्होंने कहा कि इन चीजों से "मुझे फर्क नहीं पड़ता।"

# बिहार की राजधानी पटना में भी दौड़ी मेट्रो ट्रेन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिखाई हरी झंडी

पटना, (हि.स.)। बिहारवासियों के लंबे इंतजार का अंत हो गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से रवाना किया। इसके साथ ही बिहार को पहली मेट्रो ट्रेन की सौगात मिली। उद्घाटन समारोह में राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद खुद मेट्रो में बैठकर पहले सफर का अनुभव किया।







**मेट्रो कॉरिडोर और स्टेशनों का परिचय** : पटना मेट्रो के कॉरिडोर वन के तहत छह भूमिगत मेट्रो स्टेशन बनेंगे, जिसमें पटना जंक्शन, न्यू आईएसबीटी, जीरो माइल और भूतनाथ स्टेशन शामिल हैं। फिलहाल परिचालन तीन स्टेशनों के बीच शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के दौरान 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखी। यह परियोजना पटना में आधुनिक यातायात को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**परिचालन समय और ट्रेन की विशेषताएँ** : पटना मेट्रो सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। मेट्रो हर 20 मिनट पर स्टेशन पर पहुंचेगी और प्रतिदिन लगभग 40-42 फेरे लगाएगी। मेट्रो में 3 कोच वाली रैक चल रही है, जिसमें कुल 945 यात्रियों की क्षमता है। प्रत्येक कोच में लगभग 305 यात्री सफर कर सकते हैं, जिसमें 147 बैठकर और बाकी खड़े होकर यात्रा कर सकते हैं। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए प्रत्येक कोच में 12 सीटें आरक्षित हैं।

**किराया और मार्ग विस्तार** इस समय मेट्रो न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से जीरो माइल होते हुए भूतनाथ स्टेशन तक चलेगी। किराया आईएसबीटी से जीरो माइल 15 रुपये और न्यू आईएसबीटी से भूतनाथ 30 रुपये निर्धारित किया गया है। वर्ष 2025 के अंत तक मेट्रो का विस्तार खेमनीचक और मलाही पकड़ी तक किया जाएगा। पूरे परिचालन के दौरान तीन कोच वाली मेट्रो में प्रति ट्रिप लगभग 900 यात्री यात्रा कर सकेंगे।

**मेट्रो कोचों की विशेष सजावट** : पटना मेट्रो के कोच मधुबनी पेंटिंग से सजाए गए हैं, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। कोच के दरवाजों, खिड़कियों और अंदरूनी हिस्सों में गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे प्रमुख स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगाए गए हैं। इस सजावट से मेट्रो यात्रा में सांस्कृतिक अनुभव भी शामिल हो गया है।

**आधुनिक यातायात का नया युग** : पटना मेट्रो के उद्घाटन के साथ ही शहरवासियों के लिए आधुनिक और सुविधाजनक यातायात का नया युग शुरू हो गया है। यह परियोजना न केवल दैनिक यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि शहर के यातायात दबाव को भी कम करेगी। भविष्य में मेट्रो के विस्तारित नेटवर्क से पटना में सामुदायिक, शैक्षिक और व्यावसायिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

**01:** कॉरिडोर वन में छह भूमिगत स्टेशन और 9.35 किमी लंबी सुरंग का निर्माण शामिल है।

**02 :** मेट्रो संचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक होगा, हर 20 मिनट पर ट्रेन उपलब्ध रहेगी।

**03 :** 3 कोच वाली मेट्रो की कुल क्षमता 945 यात्री, प्रत्येक कोच में 12 सीटें महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षित हैं।

**04 :** न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये तय किया गया है।

**05 :** मेट्रो कोच मधुबनी पेंटिंग और बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों के स्टिकर से सजाए गए हैं।

# 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत 21 लाख महिलाओं के खाते में भेजे गये 10-10 हजार रुपये

पटना, (हि.स.)बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है। इसके तहत आर्थिक सहायता के रूप में 10000



(दस हजार रुपये) की प्रारंभिक राशि दी जाएगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के बाद आकलन कर 2 लाख तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस योजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ महिलाओं की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी, बल्कि राज्य के अंदर ही उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित इस योजना के माध्यम से राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ 26 सितम्बर 2025 को किया था। उस दिन इस योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10-10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 7500 करोड़ की राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गयी थी। उसके बाद 03 अक्टूबर को मुख्यमंत्री द्वारा 25 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रुपये प्रति लाभुक की दर से 2500 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से दी गई थी।

मुख्यमंत्री द्वारा आज के कार्यक्रम के दौरान 21 लाख महिला लाभुकों को 10 हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से 2100 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गयी। अब तक कुल 1 करोड़ 21 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में 10 हजार करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गयी है। इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति की गई।

# बिहार में भारी बहुमत से राजग की वापसी तय : सम्राट चौधरी

पटना, (हि.स.)बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा का चुनाव दो चरणों में कराने की चुनाव आयोग की घोषणा का स्वागत किया है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह दावा भी किया कि इस बार विकास के मुद्दे पर बिहार की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को भारी बहुमत से सरकार बनाने का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है।



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग की डबल इंजन सरकार ने लाखों युवाओं को नौकरी व रोजगार दिया, किसानों को सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान, बुजुर्गों की पेंशन राशि में वृद्धि, महिलाओं को 10 हजार रुपये की रोजगार सहायता राशि और 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसे काम किये, तो दूसरी तरफ फोरलेन सड़क, मेगा ब्रिज, पटना में मेट्रो रेल की शुरुआत और छोटे शहरों में हवाई अड्डों के विकास से ढांचागत विकास को नई रफ्तार दी। उन्होंने कहा कि राजग के विकास ने विपक्ष को मुद्दा विहीन कर दिया है, इसलिए 14 नवम्बर को राजग सरकार की वापसी तय है। राजग के सभी घटक पूरी एकजुटता के साथ जनता के बीच जाएंगे।-

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : पहले चरण में 121 और दूसरे में 122 सीटों पर होगा मतदान



पटना, (हि.स.) मुख्य चुनाव आयुक्त ने प्रेस वार्ता के माध्यम से सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी। उन्होंने बताया कि बिहार में दो चरणों में चुनाव होंगी। पहले चरण का मतदान 6 और दूसरा 11 नवंबर 2025 को होगा। वहीं मतों की गणना 14 नवंबर को होगी। जिसके साथ ही 16 नवंबर को चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होगी।

# बिहार में दो चरणों में होगा विधानसभा चुनाव, तेजस्वी ने कहा-परिवर्तन का बिगुल बज चुका है

पटना, (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों की घोषणा सोमवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में की गई। चुनाव आयोग ने प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य में मतदान दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होगा। 14 नवंबर को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। बता दें कि 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। पिछला चुनाव वर्ष 2020 में तीन चरणों में हुआ था, जिसमें 56.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।



**तेजस्वी यादव ने कहा– 'परिवर्तन का बिगुल बज चुका है'** : चुनाव की घोषणा के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक्स पर लिखा कि "मेरे प्रिय बिहारवासियों, 14 नवंबर 2025 की तारीख को याद रखिए। यह बिहार के सुनहरे भविष्य और विकास की शुरुआत होगी। अब हर बिहारवासी को महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए जुट जाना है।"

**नित्यानंद राय बोले– 'बूथ लूट का दौर अब खत्म'** : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान के लिए विस्तृत योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि "1990 से 2005 तक बूथ लूट और डर का माहौल था, लेकिन अब बिहार में ऐसा नहीं होगा।"

**गिरिराज सिंह और विजय सिन्हा ने दी प्रतिक्रिया** : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि "चुनाव आयोग ने सबकी सहमति से तारीख तय की है।" वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि "यह चुनाव लोकतंत्र की मजबूती और देश के लिए नजीर साबित होगा।"

## चुनाव से संबंधित तारीखों की सूची

-पहला चरण 06 नवम्बर (121 विधानसभा क्षेत्र)

-दूसरा चरण 11 नवम्बर (122 विधानसभा क्षेत्र)।

-गजट अधिसूचना जारी करने की तिथि 10.10.2025 (शुक्रवार)13.10.2025 (सोमवार)

-नामांकन करने की अंतिम तिथि 17.10.2025 (शुक्रवार)20.10.2025 (सोमवार)

-नामांकन की जांच की तिथि 18.10.2025 (शनिवार) 21.10.2025 (मंगलवार)

-उम्मीदवारों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 20.10.2025 (सोमवार)23.10.2025 (गुरुवार)

- मतगणना की तिथि 14.11.2025 (शुक्रवार) -

# कानूनी बाध्यता के कारण छठ बाद नहीं हो सका मतदान : मुख्य चुनाव आयुक्त

पटना, (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों की घोषणा के बाद यह सवाल उठने लगा कि आस्था के महापर्व छठ के तुरंत बाद मतदान क्यों नहीं रखा गया। इस पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्थिति स्पष्ट की है।



**चुनाव की घोषणा में कानूनी अवधि का ध्यान** : मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि छठ पर्व 28 अक्टूबर को है और यह सही है कि अधिकांश राजनीतिक दलों ने पर्व के बाद मतदान कराने का सुझाव दिया था। लेकिन चुनाव प्रक्रिया में अधिसूचना जारी होने, नामांकन दाखिल करने और नाम वापसी जैसी प्रक्रियाओं के लिए न्यूनतम कानूनी समय सीमा निर्धारित होती है। इनका पालन करना निर्वाचन आयोग के लिए अनिवार्य है।

**समय सीमा के कारण टालनी पड़ी तारीख** : ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग बिहार से लौटने के तुरंत बाद चुनाव कार्यक्रम तय करने में जुट गया था, ताकि समय पर मतदान संपन्न हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि न्यूनतम वैधानिक अवधि का पालन न किया जाए, तो पूरी प्रक्रिया पर प्रश्न उठ सकते हैं।

**छठ के सम्मान में रखा गया संतुलन** : आयोग ने कहा कि आयोग ने सभी पक्षों को ध्यान में रखकर ऐसा शेड्यूल बनाया है, जिससे छठ पर्व की पवित्रता भी बनी रहे और चुनाव प्रक्रिया भी सुचारू रूप से पूरी की जा सके। इस प्रकार छठ के तुरंत बाद मतदान न रखे जाने का निर्णय कानूनी प्रक्रिया और जनभावना दोनों के संतुलन को ध्यान में रखकर लिया गया है।

# राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 'मशाल' का समापन और पुरस्कार वितरण

## कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था

पटना, (हि.स.)खेल विभाग, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा आयोजित खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम "मशाल" के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स एवं साइक्लिंग बालक/बालिका (अंडर-14 व अंडर-16) प्रतियोगिता का समापन समारोह पाटलिपुत्र खेल परिसर में संपन्न हुआ।



समारोह में सभी विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विजेताओं को श्री लोकेश कुमार झा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पटना ने ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवा खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे राज्य में खेल प्रतिभाओं की खोज को और प्रोत्साहन मिला।

आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल खेलों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीम वर्क और प्रतियोगिता की भावना को भी मजबूत करते हैं। समारोह में जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए सराहा। यह प्रतियोगिता राज्य में खेल के विकास और युवा प्रतिभाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी गई।

# आचार संहिता लागू,निर्वाचन की तैयारियाँ और सुरक्षा व्यवस्था पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया को जानकारी साझा की

## सख्ती :सोशल मीडिया,पेड न्यूज और भ्रामक प्रचार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की कड़ी चेतावनी, सुरक्षित मतदान की अपील

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की घोषणा के बाद सोमवार को समाहरणालय स्थित महानन्दा सभागार पूर्णिया में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रतिनिधिगण को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी द्वारा चुनावी तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा आचार संहिता पालन पर विस्तार से जानकारी दी गई।




**पेड न्यूज, भ्रामक रिपोर्टिंग या अवैध प्रचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि चुनाव आचार संहिता का पालन सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पेड न्यूज, भ्रामक रिपोर्टिंग या अवैध प्रचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा है। प्रशासन की इस पर कड़ी निगरानी रखेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**मीडिया का सहयोग मतदाता तक सही और पारदर्शी जानकारी पहुँचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण**

प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने कहा कि मीडिया का सहयोग मतदाता तक सही और पारदर्शी जानकारी पहुँचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है उन्होंने बताया कि जिला के सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की पूरी तैयारी हो चुकी है उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और निष्पक्ष होगी।

**चुनाव प्रक्रिया से जुडी विवरणी साझा किया गया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 से संबंधित प्रेस नोट के आलोक में द्वितीय चरण में पूर्णिया जिला अंतर्गत सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान और मतगणना से संबंधित अधिसूचना की तिथि 13 अक्टूबर 2025, नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025, नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 21 अक्टूबर 2025, अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2025, मतदान की तिथि 11 नवंबर 2025,मतगणना की तिथि 14 नवंबर 2025,तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने की तिथि 16 नवंबर 2025 के साथ अन्य विवरणी साझा किया गया

**मौक़े पर अधिकारी रहे उपस्थित**

मौके पर उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार,अपर समाहर्ता रवि राकेश, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अपर समाहर्ता जय चंद्र यादव, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, अनुमंडल पदाधिकारी सदर पूर्णिया पार्थ गुप्ता ( भा०प्र०से० ), उप निर्वाचन पदाधिकारी संजुला कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दिलीप सरकार मौजूद रहे !

**चुनावी विवरण एक नजर में ----**

1- सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान और मतगणना से संबंधित अधिसूचना की तिथि 13 अक्टूबर 2025,
2- नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025,
3- नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 21 अक्टूबर 2025,
4- अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2025
5- मतदान की तिथि 11 नवंबर 2025,
6- मतगणना की तिथि 14 नवंबर 2025,
7- निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने की तिथि 16 नवंबर 2025

-------------------------

1- जिला के सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की पूरी हो चुकी तैयारी
2- मीडिया का सहयोग मतदाता तक सही और पारदर्शी जानकारी पहुँचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण
3- पेड न्यूज, भ्रामक रिपोर्टिंग या अवैध प्रचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं
4- मतदान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और निष्पक्ष होगी।

# आगामी विधानसभा चुनाव से पहले फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार 06 अक्टूबर 2025 को के0हाट, मोहनपुर, सरसी, टीकापट्टी और अनगढ थाना क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान में संबंधित थाना पुलिस के साथ केन्द्रीय पुलिस बल के जवान शामिल थे। सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और एरिया डोमिनेशन करते हुए सभी मुख्य सड़क, गलियों और चौराहों पर पैनी नजर रखी। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नियंत्रण पाया गया। थाना अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत थाने या हेल्पलाइन पर दें। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान मतदान से पहले लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया

# महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन: पूर्णिया में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पूर्णिया जिले में अब तक 3 लाख 85 हजार से अधिक परिवारों को ₹10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल ₹385 करोड़ की राशि का अंतरण किया गया। यह अंतरण कार्यक्रम सोमवार कि सुबह चुनावी घोषणा से पूर्व आयोजित और समाप्त की गयी ! यह योजना महिलाओं को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने हेतु प्रारंभिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के तहत लाभुकों को ₹10,000 की प्रारंभिक राशि दी जा रही है, जबकि आगे आकलन के आधार पर ₹2 लाख तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है।




राज्यभर में इस योजना का लाभ सभी समुदायों और वर्गों की महिलाएं उठा सकती हैं। योजना में राज्य में पहले से सक्रिय 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 1 करोड़ 40 लाख जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था का सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा, समूह से वंचित परिवारों को स्वयं सहायता समूह में जोड़ने का कार्य भी योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

पूर्णिया जिले में सोमवार कों महानंदा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से इसका प्रत्यक्ष प्रसारण किया गया। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक ओम प्रकाश मंडल और 200 से अधिक जीविका दीदियाँ कार्यक्रम में उपस्थित थीं। जिला मुख्यालय सहित सभी 14 प्रखंड मुख्यालयों, 45 संकुल संघों और 2,500 से अधिक ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।योजना के पहले चरण में 2,13,156, दूसरे चरण में 1,02,420 और तीसरे चरण में 75,000 से अधिक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर लाभान्वित महिलाओं ने अपने रोजगार के अनुभव साझा किए।

# विधानसभा चुनाव को लेकर जिला पदाधिकारी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, दी तैयारियो से जुडी जानकारी






**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्णिया जिला के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया, मतदान तिथियाँ, मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की संख्या और अन्य आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला पदाधिकारी ने चुनावी तैयारियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा, व्यवस्था और निर्विरोध मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक सभी उपाय अपनाए गए हैं।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था , जिसमें आदर्श आचार संहिता के शत प्रतिशत पालन और अन्य चुनाव संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों के सहयोग का आह्वान किया।

जिला पदाधिकारी ने मीडिया से अपील की कि वे मतदाताओं तक सही और सटीक जानकारी पहुँचाने में सहयोग करें ताकि सभी नागरिक अपने मतदान का अधिकार सही ढंग से निभा सकें। बताया गया कि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य जिला स्तर पर चुनावी तैयारियों और प्रशासन की पारदर्शिता के बारे में जनता और मीडिया को जागरूक करना था।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला संघ

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सोमवार को बिहार संयुक्त शिक्षक संघ पूर्णिया जिला कमेटी का एक बैठक जिला अध्यक्ष दीपक सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिला वरीय सचिव पंकज कुमार राय, जिला कार्यालय सचिव संजीब कुमार,जिला उपाध्यक्ष शादाब अनवर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राकेश रोशन को चुना गया।बैठक में प्रधान शिक्षकों का वेतन भुगतान,विशिष्ट शिक्षको का वेतन निर्धारण, स्थानान्तरण वाले शिक्षकों का वेतन भुगतान,विशिष्ट या विद्यालय अध्यापक से tre



3 में गए शिक्षकों का वेतन भुगतान,स्थानांतरण वाले 6 से 8 के विशिष्ट शिक्षकों का एलपीसी इन नही होना आदि विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हेतु चर्चा किया गया। शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी पुर्णिया से मिला गया। संगठन द्वारा उनसे शिक्षकों की इन समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने हेतु आग्रह किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जल्द से जल्द समस्या का हल करवाया जाएगा।इस बैठक में चंदन कुमार,जितेंद्र कुमार, नितेश कुमार, मोहम्मद मुज्जमिल, सुमन सौरभ,शम्स तबरेज,संजीब कुमार, जितेंद्र सिंह,राकेश रोशन, संजीब कुमार,सत्यम कुमार, गोपाल ठाकुर आदि शामिल थे।

# पूर्णिया पूर्व प्रखंड में बीडीओ और बीआरओ ने संभाला कार्यभार

**न्यूज स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड में सोमवार को नए प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीआरओ ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने पर प्रखंड प्रमुख जियाउल हक और उप प्रमुख ललन कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, पदस्थापित बीडीओ शैलेश कुमार केशरी को भी उनके स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई।पदभार संभालते ही बीडीओ किशोर कुणाल ने प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया और सभी कर्मियों को कड़ी हिदायत दी कि किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। साथ ही चुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित करना उनका प्रमुख दायित्व है। बीपीआरओ धर्मेंद्र सहनी ने

# पूर्णिया नगर निगम में जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ,सड़क ,सफाई नाला एव स्वच्छता पर जोर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

सोमवार का दिन पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रहा। चुनावी घोषणा से पूर्व दोपहर से पहले महापौर ने नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्डों में लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से 63 बड़ी और लगभग 100 छोटी योजनाओं का कार्यारंभ किया। इन योजनाओं में सड़क, नाला और शवदाहगृह निर्माण सहित अन्य जन कल्याणकारी परियोजनाएँ शामिल हैं।

महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए यह प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम परिवार के सदस्यों और वार्ड पार्षदों के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग और समर्थन की उम्मीद जताई।

महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सफाई, सड़क और नाला निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि दशहरा से लेकर छठ पूजा तक नगर क्षेत्र सफाई के मामले में बेहतर स्थिति में रहा। स्टॉर्म



वाटर ड्रेनेज सिस्टम पूरा होने पर जलजमाव की समस्या पर भी राहत मिलने की संभावना है।

महापौर ने यह भी कहा कि कुछ लोग विकास कार्यों को राजनीति के दृष्टिकोण से देखते हैं, लेकिन नगर निगम का उद्देश्य केवल नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

**विभिन्न वार्डों में योजनाओं की संख्या और लागत**

वार्ड 01: योजना-1, राशि-53,79,660
वार्ड 03: योजना-1, राशि-54,96,275
वार्ड 04: योजना-1, राशि-13,50,564
वार्ड 05: योजना-3, राशि-1,23,83,835
वार्ड 06: योजना-1, राशि-27,64,674
वार्ड 08: योजना-3, राशि-60,00,121
वार्ड 09: योजना-5, राशि-2,42,18,300
वार्ड 10: योजना-5, राशि-2,89,23,330
वार्ड 11: योजना-1, राशि-74,61,500
वार्ड 13: योजना-3, राशि-1,66,01,989
वार्ड 14: योजना-1, राशि-1,31,50,440
वार्ड 17: योजना-2, राशि-1,35,55,996
वार्ड 18: योजना-2, राशि-1,68,44,474
वार्ड 19: योजना-3, राशि-2,08,93,116
वार्ड 20: योजना-3, राशि-1,07,02,207
वार्ड 22: योजना-4, राशि-1,81,20,678
वार्ड 23: योजना-1, राशि-23,73,912
वार्ड 24: योजना-2, राशि-1,38,83,879
वार्ड 25: योजना-5, राशि-2,98,29,680
वार्ड 26: योजना-3, राशि-1,19,22,220
वार्ड 27: योजना-1, राशि-24,91,207
वार्ड 28: योजना-1, राशि-63,98,384
वार्ड 29: योजना-1, राशि-34,74,351
वार्ड 30: योजना-3, राशि-20,23,12,266
वार्ड 33: योजना-2, राशि-94,38,248
वार्ड 34: योजना-3, राशि-1,04,47,533
वार्ड 35: योजना-3, राशि-1,69,64,125
वार्ड 37: योजना-3, राशि-1,04,45,213
वार्ड 38: योजना-1, राशि-24,63,972
वार्ड 39: योजना-1, राशि-1,97,56,800
वार्ड 41: योजना-2, राशि-1,95,69,212
वार्ड 43: योजना-1, राशि-24,79,041
वार्ड 46: योजना-2, राशि-1,52,78,012

**अन्य संयुक्त योजनाएँ:**

वार्ड 24-25: योजना-1, राशि-97,96,271
वार्ड 26-28: योजना-1, राशि-54,92,075
वार्ड 30-31: योजना-1, राशि-59,35,550
वार्ड 42-38: योजना-1, राशि-88,92,400

इन योजनाओं का उद्देश्य नगर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सड़क और नाला निर्माण तथा स्वच्छता को मजबूत करना बताया गया ।

कहा कि उन्हें पहले भी यहां कार्य करने का अवसर मिला था और अब वे पुनः विकास कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से समस्याओं की जानकारी तुरंत देने का आग्रह किया, ताकि उनका समाधान किया जा सके।

## चक्रवाती तूफान दारा का प्रभाव, बे- मौसम बारिश के वजह से जिले में सब्जी, धान की फसलों कों क्षति

# हथिया नक्षत्र की रुक रुक कर हो रही बारिश से किसानों की फसलें खतरे में :खेतों मे पके धान और सब्जियों को हुआ नुकसान

**न्यूज़ स्केल हरदा/पूर्णिया**

पूर्णिया जिले में कई दिनों से चक्रवातीय प्रभाव के कारण रुक रुक कर हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिले के लगभग सभी प्रखंड इस बेमौसमी बारिश से प्रभावित हुए हैं। खासकर केनगर और पूर्णिया पूर्व प्रखंड क्षेत्रों में बायसी डगरुआ रुपौली धमदाहा बनमनखी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खेतों में खड़ी पकी धान की फसल सब्जी की खेती बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हैं। खेतों में जलभराव के कारण फसल अब बर्बादी के कगार पर पहुंच चुकी है।



**धान की फसल को भारी नुकसान**

चालू हथिया नक्षत्र के दौरान तेज़ सतही हवाओं और लगातार बारिश के कारण खेतों में झुकी धान की बालियां सड़ने और अंकुरित होने लगी हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि इस बार जून माह की शुरुआत में विभिन्न प्रखंडों में धान रोपा गया था, जो सितंबर के मध्य तक पककर तैयार हो गया था। सामान्य परिस्थितियों में इस समय कटाई जोरों पर रहती, लेकिन चक्रवाती बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने से धान की कटाई असंभव हो गई है। जिन खेतों में कटाई की कोशिश की गई, वहां मशीनें धंस रही हैं और फसल को सुरक्षित निकालना चुनौती बन गया है।

**किसानों ने की दर्द बयां**

केनगर प्रखंड के किसान हरेंद्र यादव ने कहा, "लगातार हो रही बारिश से धान की बाली झुककर कीचड़ में गिर गई है। धान के दाने अंकुरित हो रहे हैं। अगर दो-तीन दिन और यही स्थिति रही तो पूरी फसल चौपट हो जाएगी।" वहीं, पूर्णिया पूर्व के किसान कृष्णदेव मंडल ने बताया कि "हथिया नक्षत्र की बारिश ने धान और सब्जी दोनों की खेती को नुकसान पहुँचाया है। खेतों में लगी बैंगन, परवल, मिर्च और टमाटर की फसल सड़ने लगी है।"

**मौसम और भविष्य की स्थिति**

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव से उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में लगातार वर्षा हो रही है। आने वाले 48 घंटों तक हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी हुई है, जिससे खेतों में जलजमाव और फसलों के सड़ने की समस्या और गंभीर हो सकती है।

**कृषि विभाग की सलाह**

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बारिश थमने के बाद सर्वेक्षण कर फसल क्षति का आकलन किया जाएगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि जैसे ही मौसम में सुधार हो, वे खेतों से जलनिकासी की व्यवस्था करें ताकि फसल को और नुकसान से बचाया जा सके।

**किसानों के लिए बारिश बनी अभिशाप**

लगातार हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत और उम्मीद दोनों पर पानी फेर दिया है। जिन धान की बालियों को वे कटाई के लिए तैयार मान चुके थे, वे अब खेतों में ही बर्बाद हो रही हैं। इस बार हथिया नक्षत्र की बारिश किसानों के लिए वरदान नहीं, बल्कि अभिशाप साबित हुई है।

# विधायक ने सड़क एवं स्मारक निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

*विभिन्न सड़क और भवन निर्माण कार्यों के शिलान्यास में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और वरिष्ठ लोग रहे मौजूद*





सोमवार की सुबह चुनाव की घोषणा होने से पूर्व हरदा शिव मंदिर चौक एवं बक्सा घाट पर विभिन्न सड़क और स्मारक निर्माण कार्यों का शिलान्यास आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। ग्रामीण कार्य विभाग की 16 सड़कों का मरम्मतीकरण ईस्ट ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों में किया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है। वहीं, नगर निगम क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी समग्र योजना के तहत 59 सड़क निर्माण कार्य की लंबाई लगभग 14 किलोमीटर है। कार्यक्रम के दौरान कर्पूरी ठाकुर स्मारक, वीर कुंवर सिंह स्मारक और मत्स्य विभाग के पास मछुवारों के लिए भवन निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा, माघी कॉलोनी में लाल कोठी से छठ पोखर तक सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग उपस्थित थे जिसमे वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह, भानु देवी, बमबम झा, विमल मंडल, विजय दास, गणेशी शाह, सदानंद पासवान, प्रदीप शाह, गोपाल सिंह, सोनू सिंह, रितेश सिंह, दिनकर स्नेही, मनोज सिंह, पंकज कुमारी, करुणा झा, देवी सिंह, सरिता राय, रिंकू, नवल राय सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे !

## बकरी चोरों से परेशान पशुपालक ,कर रहें पहरा

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी**

गौरीपुर पंचायत अंतर्गत मौजमपट्टी गांव में रविवार की रात्रि सात बकड़े बकरियों की चोरी से क्षेत्र के पशुपालकों में भय व्याप्त हो गया है। पशुपालक रातजग्गा कर पशुओं की पहरेदारी करने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार अर्ध रात्रि बड़हरा बिहारीगंज सड़क के किनारे स्थित मनोज कुमार शर्मा के दरवाजे पर से अज्ञात चोरों द्वारा 7 बकड़े बकरियों की चोरी का मामला प्रकाश में आया है । चोर दरवाजे पर लगे जाफरी का बंधन काटकर दरवाजे पर बंधा तीन बकड़ी, एक खस्सी तथा तीन गर्भवती पाठी खोल फरार हो गया। चोरी की गई बकड़े बकड़ियों की कीमत 32 हजार रुपये आंकी जा रही है । मनोज कुमार शर्मा मजदूरी एवं बकड़ी पालन कर गुजर बसर करते हैं। मनोज शर्मा की पत्नी सुकनी देवी ने बताई कि दरवाजे पर आहट सुनकर मैं जब घर से उठकर बाहर दरवाजे पर निकली तो देखी तो बकरियां गायब थी । तब जाकर मैं सास मोसोमात जानकी देवी एवं बच्चे को उठाई । रात्रि गस्ती कर रहे रघुवंशनगर थाना के 112 नंबर वाली पुलिस गाड़ी पहुंची और पुलिसवाले जांच कर चले गये हैं । रघुवंशनगर थाना अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने बताया कि अभी तक आवेदन तो नहीं मिला है । आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

# पूर्णिया में भाजपा आईटी सेल के जिला और विधानसभा संयोजकों की नई लिस्ट जारी

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, प्रदेश संयोजक विकास कुशवाहा और जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से भाजपा पूर्णिया जिला आईटी सेल के नए पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की है।

जारी लिस्ट में भाजपा जिला संयोजक ( आईटी सेल ) के रूप में अमृत आनंद चौरासिया को नियुक्त किया गया है। उनके नेतृत्व में जिला आईटी सेल की गतिविधियों को मजबूत करने और पार्टी के डिजिटल अभियान को प्रभावी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।जिसमे जिला सह संयोजक के रूप में सौरव कृष्णा एवं बाँबी दास, विधानसभा संयोजक श्रीमती काजल कुमारी कों पूर्णिया गुलशन कुशवाहा कों बनमनखी, गौरव कुमार ठाकुर कों कसबा ,राजू कुमार कों धमदाहा, गरुदेव महलदार कों बायसी, नीरज कुमार कों रुपौली और राकेश कुमार कों अमौर के लिये नियुक्त किया गया है !

# डगरूआ थाना पुलिस ने 484 लीटर विदेशी शराब किया बरामद, दो गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल डगरुआ**



गुप्त सूचना के आधार पर डगरुआ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चारपहिया वाहन से कुल 484.710 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी जप्त किया। मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान दिनकर कुमार ( 26 वर्ष ), पिता स्व. उपेंद्र पासवान एवं बाबुल ( 24 वर्ष ), पिता सच्चो दास, दोनों निवासी मधेपुरा भिरखी, वार्ड संख्या 26, थाना मधेपुरा सदर, जिला मधेपुरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शराब तस्करी में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# आवास योजना 2.0 की राशि नहीं मिलने पर कसबा नगर परिषद के पार्षदों का धरना प्रदर्शन

**न्यूज़ स्केल :कसबा**



कसबा नगर परिषद क्षेत्र के बरेटा वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लाभुकों को अब तक प्रथम किस्त की राशि नहीं मिलने से नाराज़ पार्षदों ने सोमवार को नगर परिषद गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत जिन लाभुकों का जियो टैगिंग कार्य पूरा हो चुका है, उनके खातों में अभी तक प्रथम किस्त की राशि आबंटित नहीं की गई है। कसबा वार्ड संख्या 1 से लेकर वार्ड संख्या 9 तक के लाभुकों में गहरी नाराज़गी है। सोमवार को लाभकों एवं नगर पंचायत के पार्षदों ने धरना के दौरान पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि लाभुकों के खातों में शीघ्र प्रथम किस्त की राशि भेजी जाए। धरना में प्रशांत कुमार उर्फ बंटू, मो. इफ्तेखार आलम, जुलेखा खातून, दीपक कुमार दिवाकर, अर्जुन कुमार मंडल, गणेश मंडल, हीरालाल, मो. अफरोज आलम सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**







चंपानगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शन करने के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अरुण सहनी, पिता मनोज सहनी; रूपेश कुमार, पिता राज कुमार सहनी; एवं रामा कुमार, पिता देवनारायण सहनी शामिल हैं। तीनों आरोपी चिरैया रहिका, थाना चंपानगर, जिला पूर्णिया के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों की तस्वीरें और वीडियो साझा करने के गंभीर आरोप हैं। यह मामला सामाजिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चंपानगर थाना के अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों से संबंधित पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है और अग्रिम कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर हथियार या हिंसा से संबंधित किसी भी प्रकार की सामग्री साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत थाने को दें। इस गिरफ्तारी के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का अवैध हथियार प्रदर्शन और हिंसा को बढ़ावा न मिले। पूरे मामले की छानबीन कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रोगियों के इलाज के दौरान बेहोश हुए पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय कुमार

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी**



फ़ाइल फोटो डॉ. अजय कुमार

बड़हरा कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉ. अजय कुमार इलाज के दौरान ही कुर्सी पर उल्टी करते-करते अचानक निढाल होकर बेहोश हो गए। घटना के समय वे ओपीडी में रोगियों को देख रहे थे। जैसे ही चिकित्सक के बेहोश होने की जानकारी फैली, अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही सभी अस्पताल कर्मी चिकित्सक कक्ष की ओर दौड़े और डॉ. अजय कुमार को कुर्सी से उठाकर बेड पर लिटाया गया। इस दौरान उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं होता देख, तत्पश्चात अस्पताल प्रशासन ने सुखसेना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डॉ. मिथिलेश कुमार को फोन पर स्थिति की सूचना दी। सूचना के तुरंत बादडॉ. मिथिलेश कुमार बड़हरा कोठी सीएचसी पहुंचे और प्राथमिक जांच शुरू की जांच के बाद उन्होंने बताया कि डॉ. अजय कुमार का रक्तचाप अत्यधिक बढ़ा हुआ पाया गया है, भी परिलक्षित हो रहे हैं।

**जीएमसीएच पूर्णिया रेफर**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. मिथिलेश कुमार ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया। फिलहाल डॉ. अजय कुमार का उपचार वहीं चल रहा है। इस अप्रत्याशित घटना से अस्पताल कर्मियों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। सभी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं।

# हरेरामपुर : शांति और एकता बनाए रखने को लेकर उलेमाओं की बैठक



**न्यूज़ स्केल बायसी**

प्रखंड क्षेत्र के हरेरामपुर चौक स्थित मदरसा दारुल उलूम मुफ्ती-ए-आजम में सोमवार को क्षेत्र के कई उलेमाओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, अमन-चैन और एकता को बनाए रखना बताया गया। बैठक की अध्यक्षता मुनाजीर इस्लाम हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मतिउर्रहमान साहब मुस्ताक ने की। उन्होंने उपस्थित उलेमाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में किसी भी प्रकार की दूरी या मतभेद को दूर कर आपसी एकता बनाए रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी को आपसी सद्भाव के साथ देश की एकता और कानून व्यवस्था का सम्मान करते हुए चलना चाहिए।

अरबिया कॉलेज पूर्णिया के प्राचार्य जुबैर साहब ने भी कहा कि समाज में शांति और धैर्य बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को संविधान के तहत अपने अधिकारों और कर्तव्यों के साथ रहना चाहिए। मदरसा के प्रधान मौलवी मोहम्मद मकसूद ने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें और देश के कानून का पालन करें। उन्होंने कहा कि शरियत भी यही सिखाती है कि जिस देश में रहो, उसके कानून और व्यवस्था का आदर करो, क्योंकि इससे समाज और देश दोनों का भला होता है।

# चीन से आयेंगे लक्ष्मी-गणेश, ले जायेंगे भारत का धन

## दिवाली पर देश में मनेगी खुशियां, पर अमीर होगा चाइना —— इस बार भी बाजारों पर हावी हैं विदेशी सामान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**कुमार मयंक**





त्योहारों की रौनक के बीच एक बार फिर चाइनीज सामानों की चमक भारतीय बाजारों पर हावी है। दीपावली की तैयारियों में जुटे उपभोक्ताओं की पहली पसंद अब भी सस्ते और आकर्षक चाइनीज आइटम ही बने हुए हैं। इससे जहां दुकानदारों की बिक्री में तेजी आई है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था को अरबों रुपये का नुकसान होने की आशंका भी जताई जा रही है।

**इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स में चाइनीज सामानों की धूम**

इस वर्ष दीपावली पर बाजारों में सबसे अधिक मांग एलईडी लाइट्स, झूमर, बल्ब, राइस लाइट और डेकोरेटिव लड़ियों की है। इन सबमें अधिकतर सामग्री चीन से आयात की गई है। सस्ती कीमत, नई डिजाइन और विविधता की वजह से ग्राहक स्वदेशी उत्पादों की तुलना में चाइनीज आइटम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**चाइनीज आइतम का 10 करोड़ के कारोबार का अनुमान**

व्यापारियों का अनुमान है कि केवल जिले में ही इस बार 10 करोड़ रुपये से अधिक के इलेक्ट्रॉनिक चाइनीज आइटम की बिक्री होगी।

इतना ही नहीं, अब तो विद्युत कनेक्शन वाली लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियाँ भी बाजार में खूब बिक रही हैं, जिनमें लाइट और म्यूजिक की व्यवस्था है। इन मूर्तियों की कीमत भारतीय निर्मित मूर्तियों से लगभग आधी होती है, जिससे उपभोक्ता स्वाभाविक रूप से इन्हीं की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

**पूजा सामग्री से लेकर सजावट तक — 70 प्रतिशत मालचाइनीज**

व्यापारियों के मुताबिक, दीपावली और धनतेरस पर बिकने वाले करीब 70 प्रतिशत सजावटी और पूजन सामग्री चीन से आयात की जाती है। दीप, झालर, पूजा थाल, कृत्रिम फूल और इलेक्ट्रॉनिक लाइटिंग आइटम का बड़ा हिस्सा चीन में तैयार होकर भारतीय बाजारों में पहुंचता है। देश में छोटे कारीगरों और घरेलू उद्योगों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय बन गई है।

**"वोकल फॉर लोकल" और "मेड इन इंडिया" को बढ़ावा पर जोर**

हालांकि इस वर्ष "वोकल फॉर लोकल" और "मेड इन इंडिया" को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया पर अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं। ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सएप पर लोग विदेशी सामान के बहिष्कार की अपील कर रहे हैं। बावजूद इसके, बाजारों में चाइनीज आइटम की मांग में कोई खास गिरावट नहीं आई है।

**चाइनीज पटाखों पर प्रतिबंध, फिर भी छिपकर बिक्री**

सरकार ने चाइनीज पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है क्योंकि ये अधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं। शोधों में यह भी पाया गया है कि इनसे कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। फिर भी कुछ कारोबारी चोरी-छिपे ऐसे पटाखे बेच रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक टीमों ने निगरानी तेज कर दी है ताकि अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

**स्वदेशी उद्योगों के लिए अवसर भी हुए हैं पैदा**

स्थानीय उद्योगों के लिए चुनौती और अवसर दोनों भारतीय बाजारों में चाइनीज सामानों की मौजूदगी भले बढ़ी हो, लेकिन इससे स्वदेशी उद्योगों के लिए अवसर भी पैदा हुए हैं। कई कारीगर अब पारंपरिक मूर्तियाँ, मिट्टी के दीपक और हस्तशिल्प तैयार कर "लोकल" उत्पादों को नया रूप दे रहे हैं। सरकार भी 'मेक इन इंडिया' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं से उन्हें प्रोत्साहन दे रही है।

**अपील भारत का धन भारत में ही रहे**

दिवाली का पर्व समृद्धि और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। ऐसे में जरुरी है कि देशवासी सजावट और पूजा सामग्री की खरीदारी करते समय स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। अगर हर घर में 'स्वदेशी दीप' जलेगा, तो वास्तव में भारत का धन भारत में ही रहेगा और 'अमीर होगा भारत', न कि चाइना।

# इच्छामती धार पुल के ध्वस्त एप्रोच से ग्रामीणों के आवागमन में हो रही है समस्या

**न्यूज़ स्केल अमौर**



अमौर प्रखंड के तियारपारा पंचायत अंतर्गत इच्छामती धार पर बने पुल का पश्चिमी छोर का आधा एप्रोच ध्वस्त हो गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों को आवागमन में गंभीर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल का निर्माण कई वर्षों पहले हुआ था, लेकिन उसका अनुरक्षण केवल मई 2026 तक निर्धारित है। पुल का एप्रोच लगातार टूटता रहता है, खासकर दो-पहिया और चार-पहिया वाहनों के लिए यह अत्यंत खतरनाक स्थिति बनाती है।

स्थानीय लोगों ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक द्वारा केवल हल्का मिट्टी का कार्य कर "खानापूर्ति" की जाती है, जिससे एप्रोच पुनः कट जाता है। ऊँचाई के कारण रात के समय वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी जोखिमपूर्ण हो जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक स्थाई एप्रोच का निर्माण नहीं होगा, तब तक हादसे की संभावना बनी रहेगी।

ग्रामीणों मोहम्मद सिराज, मोहम्मद दिल नवाज, अशरफ, इम्तियाज, इश्तियाक, नसर, रौनक, गुलरेज सहित मुखिया नैयर आलम ने जिला प्रशासन से एप्रोच निर्माण की मांग की।

# धमदाहा में आचार संहिता लागू होने से पूर्व मंत्री लेशी सिंह ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



धमदाहा प्रखंड और आसपास के क्षेत्रों में राज्य सरकार की ओर से आदिवासी छात्रों और ग्रामीण विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास सोमवार कों दोपहर से पूर्व किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की। सबसे पहले धमदाहा प्रखंड के धरहर जमुनियाँ ग्राम में अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय के 720 छात्रों के लिए आवासीय भवन का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 50 करोड़ 51 लाख 97 हजार 445 रूपये है। मंत्री ने कहा कि इस छात्रावास से दूरदराज़ और वंचित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण आवास मिलेगा, जिससे वे निर्बाध रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। भवन में अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

इसके अलावा मंत्री ने धमदाहा से कुआड़ी जानेवाली सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 36 करोड़ 1 लाख 2 हजार रूपये है। उन्होंने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के लिए आवागमन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के नए अवसर खोलेगी।

पर्यटन क्षेत्र में भी विकास कार्यों की शुरुआत हुई। मंत्री ने काझा कोठी पार्क के विकास का शिलान्यास किया, जिसमें 14 करोड़ 94 लाख 41 हजार रूपये का निवेश किया गया है। परियोजना में 1807 वर्गफुट का आधुनिक डाइनिंग एरिया, पैडल बोटिंग, एरेटेड फाउंटेन, म्यूजिकल फाउंटेन, लाइट एंड साउंड शो, एग्जिबिशन गैलरी, हैंगिंग जंगल ब्रिज, सेल्फी प्वाइंट्स और कैनोपी वॉक जैसी सुविधाएँ शामिल होंगी।

इसके अलावा, के०नगर प्रखंड अधीन एन० एच० 107 चेथारियापीर चौक से चम्पानगर भाया धनहरा, कुम्हार टोला जगेली-जगनी जानेवाली पथ का शिलान्यास भी किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 25 करोड़ 17 लाख 46 हजार रूपये है। उन्होंने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तेज होगा और आमजन की जीवनशैली में सुधार होगा।

विद्युत क्षेत्र में भी काम शुरू किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा 11 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत से के०नगर प्रखंड अधीन विद्युत शक्ति उपकेन्द्र का शिलान्यास और 18 करोड़ 44 लाख रूपये की लागत से पूर्णियाँ-धमदाहा 132 केवी संचरण लाइन का HTLS द्वारा रिकन्डक्टिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि ये सभी परियोजनाएँ क्षेत्रीय विकास, छात्रों की शिक्षा और युवाओं तथा ग्रामीणों के लिए नए अवसर सुनिश्चित करेंगी।

# बॉबी दास को मिला जिला सह-संयोजक का दायित्व

**न्यूज़ स्केल हरदा**



भारतीय जनता पार्टी बिहार के संगठन में नई जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, प्रदेश संयोजक विकास कुशवाहा और जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के अनुमोदन से बॉबी दास को आईटी सेल जिला सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। आईटी सेल जिला संयोजक अमृत चौरसिया, जिला सह-संयोजक सौरभ कृष्ण और सोशल मीडिया टीम के शुभम झा, अमन कुमार, सजल दास, हरि कुमार दास और रिशु तिवारी ने बॉबी दास को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और मजबूत होगा। जिला सह-संयोजक बॉबी दास ने कहा कि उन्हें सौंपा गया दायित्व वे पूरी निष्ठा और तन्मयता के साथ निभाएंगे और पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय योगदान देंगे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने लिया प्रशिक्षण केंद्रों व वज्रगृह निर्माण कार्य का जायजा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण और तैयारी की गति को तेज़ कर दी है। सोमवार को जिले के छह प्रशिक्षण केंद्रों पर मतदानकर्मियों के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने जिला स्कूल पूर्णिया में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**प्रशिक्षण में कुल 3300 पीठासीन पदाधिकारी एवं 3300 द्वितीय मतदान पदाधिकारी शामिल**

प्रशिक्षण में कुल 3300 पीठासीन पदाधिकारी एवं 3300 द्वितीय मतदान पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने मॉक पोल के माध्यम से मतदान प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिले में 301 कुशल मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जिनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के पश्चात सभी कर्मियों से फीडबैक प्राप्त किया गया और उनके बीच फॉर्म-12 का वितरण भी किया गया।

**मतदान कर्मियों को सशक्त एवं प्रशिक्षित बनाना ही निष्पक्ष और सुचारू मतदान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : डीएम**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान कर्मियों को सशक्त एवं प्रशिक्षित बनाना ही निष्पक्ष और सुचारू मतदान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

उन्होंने आगे बताया कि जिले के कुल 23,246 मतदान कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जाना है। इसके लिए छह चिन्हित प्रशिक्षण केंद्रों पर 6 से 9 अक्टूबर 2025 तक दो पालियों में प्रशिक्षण सत्र संचालित किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रशिक्षण दे रहे मास्टर प्रशिक्षकों एवं उपस्थित कर्मियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य से जुड़े सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पूर्ण निष्ठा से कार्य करें।

**परिसर में प्रस्तावित ईवीएम वज्रगृह (स्ट्रांग रूम) निर्माण कार्य का किया निरीक्षण**

इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला स्कूल परिसर में प्रस्तावित ईवीएम वज्रगृह (स्ट्रांग रूम) निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य का प्रतिदिन अनुश्रवण करें तथा वज्रगृह नोडल पदाधिकारी को समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। श्री कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सुरक्षा, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण किया

# अमौर में नदियों का उफान, तटवर्ती इलाकों में कटाव का बढ़ा खतरा,

**न्यूज़ स्केल अमौर**



खंड क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण प्रमुख नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। कनकैयी, महानंदा, पड़वान, बकरा, दास समेत अन्य सहायक नदियों की उफनती धाराएँ अब अपने तटों को पार कर निचले इलाकों में फैलने लगी हैं। इससे तटवर्ती गांवों में रहने वाले लोग दहशत में हैं और खेतों में खड़ी पकी धान की फसल बाढ़ की चपेट में आने के कगार पर है।

प्रखंड के ज्ञानडोव पंचायत के सिमलवाड़ी नगड़ाटोला वार्ड नंबर 03 और 07 में दास नदी का कटाव तेज़ी से बढ़ गया है। कटाव की वजह से कई परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे की मिट्टी धंसने से कई घर जमींदोज हो गए हैं और कई अन्य घर खतरे के दायरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक सरकारी राहत और बचाव कार्य पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुए हैं,

अमौर अंचल अधिकारी कृष्णमोहन राय ने बताया कि क्षेत्र की सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है और नदी कटाव की रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित इलाकों में अग्रतर सुरक्षात्मक कार्यवाही की जाएगी ताकि लोगों और उनकी संपत्ति को नुकसान से बचाया जा सके।

इस बीच ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार तत्काल राहत शिविर स्थापित करे, और कटाव प्रभावित परिवारों को अस्थायी आवास और खाद्यान्न की व्यवस्था दे। प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ और कटाव की स्थिति को देखते हुए लोग सतर्क हैं और प्रशासन से त्वरित राहत व बचाव कार्य की उम्मीद कर रहे हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का बजा बिगुल: अररिया में 11 नवंबर को मतदान, प्रशासन ने कसी कमर

**फारबिसगंज/अररिया,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का बिगुल बज चुका है! भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही अररिया जिले में चुनाव की सरगर्मियाँ तेज़ हो गई हैं। अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनिल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अररिया जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए 11 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को मतदान होगा, जिसके साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।






यह चुनाव अररिया जिले के 19.72 लाख से अधिक मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिनमें 10.33 लाख पुरुष और 9.39 लाख महिलाएँ शामिल हैं।

प्रमुख तिथियाँ,

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अररिया में नामांकन से लेकर मतगणना तक का कार्यक्रम इस प्रकार है: नामांकन शुरू -13 अक्टूबर 2025 ,नामांकन की अंतिम तिथि -20 अक्टूबर 2025 ,उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि -23 अक्टूबर 2025 , मतदान का दिन -11 नवम्बर 2025, मतगणना -14 नवम्बर 2025 , मतदान सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा।

**शिकायत निवारण**

आम नागरिकों को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करने के लिए 'c-VIGIL' ऐप का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**पहचान का विकल्प**

यदि आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है, तो आप आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस समेत 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करने और आदर्श आचार संहिता का सम्मान करने की अपील की है।

**निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारी**

जिला प्रशासन ने स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है।

**ईवीएम/वीवीपैट:** जिले में सभी 3689 मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट सेट की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और रैंप जैसी मूलभूत सुविधाएँ (AMF) प्रदान की जा रही हैं।

**व्यय सीमा और निगरानी:** प्रत्याशियों के लिए चुनावी खर्च की सीमा 40 लाख रुपये तय की गई है। खर्च पर पैनी नज़र रखने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड्स टीम (FST) और स्टैटिक सर्विलांस टीम (SST) सहित कुल 84 टीमें गठित की गई हैं।

## बाढ़ को लेकर मंत्री ने दिया सभी डीएम को पीड़ितों को सहयोग करने का दिया निर्देश

**अररिया**(हि.स.)। बिहार में चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गया है लेकिन अररिया जिला समेत अन्य जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण हुए जानमाल की क्षति को लेकर बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री विजय कुमार मंडल ने सभी डीएम को बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों को राहत और सहयोग करने का निर्देश दिया।सभी डीएम को मंत्री विजय कुमार मंडल ने बाढ़ पीड़ितों को सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि किसी भी बाढ़ पीड़ितों को किसी तरह का कष्ट नहीं होने दिया जाएगा और उन्हें समुचित सहयोग प्रदान किया जाएगा।आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री विजय कुमार मंडल ने बाढ़ से फसल क्षति का भी आकलन कर समुचित मुआवजा दिए जाने का निर्देश दिया है।



मंत्री विजय कुमार मंडल ने निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तिथि के घोषणा किए जाने पर कहा कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी।जनता पूरी तरह मूड बना चुकी है और एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी।

## प्रगति यात्रा में घोषित योजनाओं का सीएम ने किया वर्चुअल शिलान्यास

**अररिया** (हि.स.) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से अररिया जिले में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित कई निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में मुख्य रूप से सड़कों के चौड़ीकरण और रेलवे ओवरब्रिज निर्माण शामिल हैं, जिनसे क्षेत्र के लोगों को यातायात सुविधा में बड़ी राहत मिलेगी।



**115 करोड़ की लागत से बनेगा रेलवे ओवरब्रिज** : फारबिसगंज सुभाष चौक केजे-65 पर 115 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना बिहार पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा संचालित है। कार्य की शुरुआत हाल ही में की जा चुकी है। ओवरब्रिज बनने से शहर में लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

**तीन सड़कों के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ** : मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ दो लाख रुपये की लागत से अररिया–कुर्साकांटा–कुआड़ी–सिकटी पथ और 92 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से सैफगंज–सुकेला वाया महथावा–भरगामा मार्ग के 26.66 किलोमीटर लंबे चौड़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया।

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग हुई पूरी** : फारबिसगंज में ओवरब्रिज निर्माण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह और विधायक विद्यासागर केशरी ने इस मुद्दे को लगातार सरकार के समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान इस निर्माण की घोषणा की थी, जो अब साकार होती दिख रही है।

## चुनाव की अधिसूचना जारी होने पर पुलिस का हुआ फ्लैग मार्च



**अररिया** (हि.स.)विधान बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा चुनाव की तिथि की घोषणा करने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है और इसी कड़ी में सोमवार को अररिया जिला पुलिस की ओर से पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया गया।

फ्लैग मार्च में जिला पुलिस के साथ पारा मिलिट्री फोर्स के जवान मौजूद रहे।एसपी अंजनी कुमार के निर्देश पर निकले पैदल फ्लैग मार्च बस स्टैंड, चांदनी चौक, महादेव चौक, काली मंदिर चौक सहित अन्य स्थानों पर गई।फ्लैग मार्च का नेतृत्व सदर एसडीपीओ सुशील कुमार सहित नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक कर रहे थे।अररिया सहित विभिन्न इलाकों में स्थानीय थाना और ओपी पुलिस के द्वारा भी फ्लैग मार्च किया गया।

## कुर्सेला के कोशी पुल से गंगा में कूदा युवक, तलाशी अभियान जारी

**कटिहार,** (हि.स.)। जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र में स्थित कोसी पुल पर सोमवार को एक युवक ने मोबाइल पर बात करते हुए गंगा नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक पुल के तीसरे पाए के पास फोन पर बात कर रहा था और अचानक रेलिंग पार कर नदी में कूद गया। मछुआरों ने उसे पानी में संघर्ष करते देखा, लेकिन गंगा की तेज धारा में वह कुछ ही पलों में लापता हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने प्रशासन को खबर दी, जिसके बाद अंचल पदाधिकारी सुश्री अनुपम के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को मौके पर भेजा गया। टीम ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया है, लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले भी एक बुलेट सवार युवक ने इसी पुल से छलांग लगाई थी, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में भय और आक्रोश दोनों है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, न तो कोई स्थायी पुलिस चौकी है और न ही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी।

लोगों ने प्रशासन से पुल पर चौबीसों घंटे गश्ती दल की तैनाती और कैमरे लगाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुल पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने की बात कही है।

## किशनगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास




**न्यूज स्केल किशनगंज**

नीतीश कुमार ने किशनगंज जिले में विकास कार्यों की गति बढ़ाने के उद्देश्य से रमजान नदी के डिसिल्टेशन, चैनलाइजेशन और सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत जिले में दो महत्वपूर्ण योजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल नदी क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में जिलाधिकारी, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने आम लोगों से इन परियोजनाओं का सहयोग और समर्थन करने की अपील की।

### सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक, किशनगंज में समीक्षा और समन्वय पर जोर

**न्यूज स्केल किशनगंज**

माननीय सांसद महोदय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला परिषद के मेची सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और समन्वय को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।

सांसद महोदय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचने में कोई बाधा न आए। उन्होंने पारदर्शिता और लोक सहभागिता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।



जिलाधिकारी ने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और निर्माण कार्यों तथा योजनाओं से जुड़ी चुनौतियों पर विचार किया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और जलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं के सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया।समिति ने आगे की रणनीति और निगरानी तंत्र को और सुदृढ़ करने का निर्णय लिया, जिससे जिले में विकास कार्य प्रभावी और सुचारू रूप से आगे बढ़ें।

## नरकटिया जमींदारी बांध में कटाव जारी

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले में नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत खरीक प्रखंड और बिहपुर प्रखंड क्षेत्र के नरकटिया जमींदारी बांध में भीषण कटाव जारी है।

इस कटाव को लेकर ग्रामीणों में दहशत फैला हुआ है। इसके कटने से नरकटिया गांव का लगभग घर गंगा नदी में विलीन होने का डर बना हुआ है। हालांकि भीषण कटाव स्थल पर काफी तेजी से कार्य करवाया जा रहा है। फ्लड फाइटिंग के संवेदक मुखिया प्रतिनिधि लाली कुमर ने बताया कि इस जगह पर अभी जो कटाव हो रहा है इसके लिए हम लोग मुस्तेदी से कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जो स्थिति थी, उस स्थिति पर काबू पा लिए हैं।




उन्होंने बताया कि इस जगह पर गंगा नदी में बाढ़ आने से पहले भी भीषण कटाव हो रहा था। जिसे हमने अपने बुद्धिमत्ता से भीषण कटाव को काबू किए थे। अभी जो काटाव हो रहा है भविष्य के लिए बढ़िया हुआ ताकि इस बार इस बांध पर मजबूती से कार्य करवाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि चार-पांच दिन पूर्व ही रविंद्र ठाकुर और शैलेंद्र राय के बगीचे के पास गंगा नदी के जलस्तर में कमी होने के बाद इस जगह कटाव शुरू हुआ है। इसकी सूचना संवेदक लालु कुमर उर्फ लाली मुखिया को दिया गया। जिन्होंने बिना विलंब किए बांध पर बालू भरा बोरा, बांस, बल्ला और वृक्ष की टहनी मजदूरों के साथ कार्य करवाने के लिए दिन रात एक कर दिए हैं।

## राजद का दलित महादलित अधिकार सम्मेलन में एकजुटता पर बल

**अररिया** (हि.स.) फारबिसगंज के राम मनोहर लोहिया पथ स्थित राजद कार्यालय में सोमवार को राजद की ओर से दलित महादलित अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मनोज सदा ने की। जबकि संचालन प्रो.साबिर इदरीश ने किया।

वहीं मुख्य अतिथि के रूप में राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के क्रांति कुंवर, विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व जिला पार्षद मायानन्द ऋषिदेव, किरण भारती, अरुण यादव, प्रो. उद्यानंद यादव, देवेश ठाकुर, मनोज झा, लालू देव, दिलीप यादव, राजा अली समेत व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित पूर्वे अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



दलित महादलित अधिकार सम्मेलन में बड़ी संख्या में दलित महादलितों ने भाग लिया।वक्ताओं ने सम्मेलन में शिरकत कर रहे दलित महादलितों से एकजुटता के साथ रहने और लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने की अपील की। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजद नेता क्रांति कुंवर ने बिहार में राजद की सरकार बनने पर तेजस्वी प्रसाद की ओर से घोषित योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजा हो या रंक सबों को मताधिकार का अधिकार प्राप्त है और सबों के वोट की वैल्यू एक ही होती है। इसलिए विधानसभा चुनाव में वोट के समय अपने अधिकारों का सही इस्तेमाल करने की सलाह और महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज सदा और पूर्व जिला पार्षद किरण भारती एवं मायानन्द ऋषिदेव ने एनडीए की सरकार में दलितों और महादलितों को सरकार के द्वारा ठगने की बात कही।

सम्मेलन को लालू देव, दिलीप यादव, राजा अली, मनोज झा आदि ने भी संबोधित करते हुए बिहार में बदलाव लाने को जरूरत करार दिया।

# जिले के पांचों विधानसभा में द्वितीय चरण में होंगे चुनाव

न्यूज स्केल सुपौल




भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी प्रेस नोट सं./ पत्रांक NO.ECI/ PN/316/2025 दिनांक 06.10.2025 के अनुसार बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत सुपौल जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में द्वितीय चरण का मतदान 11 नवंबर 2025 को निर्धारित किया गया है। मतगणना 14 नवंबर 2025 को होगी।

**द्वितीय चरण का मतदान कार्यक्रम** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक सारथ आर.एस. ने 6 अक्टूबर 2025 को शाम 5:30 बजे मीडिया को प्रेस ब्रीफिंग में द्वितीय चरण हेतु मतदान कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष, सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

**सुरक्षा और व्यवस्था** : सुपौल पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की जानकारी दी। साथ ही, मतदाताओं की सुविधा और मतदान केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को चुनाव में सक्रिय योगदान देने का निर्देश दिया है।

**मतगणना की तैयारी** : मतगणना दिनांक 14 नवंबर 2025 को सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन ने मतगणना स्थल पर तकनीकी और मानव संसाधन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली है। मीडिया और निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधियों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाएगी।

**मतदान के लिए जागरूकता** जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अपने मतदान केंद्र पहुँचें और लोकतंत्र के इस महाअवसर में भाग लें। सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी और शांति के साथ करें। सुपौल जिले में द्वितीय चरण के मतदान को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है और सभी मतदाता सुरक्षित तथा निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित हैं।

## बैरिया पंचायत में संचालित सामुदायिक रसोई का एडीएम ने किया निरीक्षण

न्यूज स्केल सुपौल





अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन ने सोमवार को सुपौल प्रखंड के बैरिया पंचायत स्थित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई संचालन की समग्र व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की।

**भोजन की गुणवत्ता पर दिया जोर** : एडीएम ने भोजन तैयार करने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक देखा और सुनिश्चित किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को पौष्टिक व संतुलित भोजन मिले। उन्होंने कहा कि भोजन ताजा और स्वच्छ होना चाहिए ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

**स्वच्छता एवं अनुशासन की सराहना** : निरीक्षण के दौरान रसोई परिसर की सफाई और अनुशासन देखकर एडीएम ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कर्मियों से आग्रह किया कि रसोई में स्वच्छ वातावरण बनाए रखें और निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करें।

**समय पर वितरण का निर्देश** एडीएम ने कहा कि किसी भी लाभुक को भोजन वितरण में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने और वितरण रजिस्टर में दैनिक प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रभावित सभी परिवारों तक समय पर भोजन पहुँचना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कोसी नदी के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

न्यूज स्केल सुपौल





सुपौल जिले में कोसी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। तटबंध के भीतर पानी फैलने से कई गांव प्रभावित हुए हैं। मरीचा गांव विशेष रूप से इससे प्रभावित रहा। लोग अपने घरों में फंस गए। प्रशासन ने फंसे लोगों की सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया।

**एनडीआरएफ ने शुरू किया रेस्क्यू** : जिले प्रशासन ने तुरंत एनडीआरएफ की टीम की प्रतिनियुक्ति की। टीम ने प्रभावित गांवों में जाकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। फंसे लोगों को नाव और अन्य साधनों से सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया गया। टीम ने राहत कार्य को व्यवस्थित और तेजी से अंजाम दिया।

**गर्भवती महिलाएँ और बच्चे सुरक्षित** : रेस्क्यू ऑपरेशन में कई गर्भवती महिलाएँ, धात्री महिलाएँ और बच्चे शामिल थे। सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। प्रशासन और एनडीआरएफ ने बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान रखा। प्रभावित परिवारों को प्राथमिक सहायता भी प्रदान की गई।

**जलस्तर में कमी और सतर्कता** कुछ समय बाद कोसी नदी का पानी धीरे-धीरे घटने लगा। प्रशासन और एनडीआरएफ टीम प्रभावित इलाकों की लगातार निगरानी कर रही है। राहत कार्य अब भी जारी है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बनाए रखना और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना प्राथमिकता है।

# ललितग्राम तक वैशाली एक्सप्रेस का स्थाई परिचालन शुरू, जनता ने जताया आभार

न्यूज स्केल सुपौल



सुपौल संसदीय क्षेत्र में रेलवे विकास की गति तेज हो रही है। सांसद दिलेश्वर कामैत के नेतृत्व में दिल्ली–सहरसा वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस अब स्थायी रूप से ललितग्राम तक चल रही है। इससे यात्रियों को राजधानी दिल्ली और अन्य बड़े शहरों तक सीधी रेल सुविध मिल गई है।

**सांसद के नेतृत्व में विकास** जनता ने इस उपलब्धि के लिए सांसद कामैत को आभार और साधुवाद दिया। उनका कहना है कि सांसद के प्रयासों से न केवल रेलवे, बल्कि जिले में अन्य विकास कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इससे क्षेत्रीय जीवन स्तर में सुधार और आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है।

**यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की मांग** : रेल संघर्ष समिति के संयोजक पवन अग्रवाल ने सांसद से आग्रह किया है कि पटना–ललितग्राम रात्रिकालीन सुपरफास्ट शुरू की जाए। इससे यात्रियों को और सुविधा मिलेगी और राजधानी व बड़े शहरों के साथ कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

**लाइट ओवरब्रिज निर्माण में देरी** : सुपौल शहर रेलवे लाइन से दो हिस्सों में विभक्त हो गया है। उत्तरी ढाला ( मछली बाजार ) के पास लाइट ओवरब्रिज के लिए जनवरी में भूमि पूजन हुआ था, लेकिन कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। यह समस्या शहर आने-जाने वाले लोगों के लिए गंभीर परेशानी बन गई है।

**समाधान और अपेक्षाएँ**
पवन अग्रवाल ने सांसद से अनुरोध किया है कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाया जाए। इससे चकला–निर्मली मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास में तेजी आएगी। सांसद के प्रयासों से सुपौल में रेलवे और बुनियादी संरचना के मामले में नई दिशा स्पष्ट हो रही है।

# यात्री बस पलटी, एक की मौत आधा दर्जन से ऊपर यात्री घायल विरोध में सड़क जाम

न्यूज स्केल त्रिवेणीगंज





थाना क्षेत्र के बघला के समीप एनएच 327 ई पर एक यात्री बस पलट गई है, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई है जबकि आधा दर्जन से ऊपर यात्री जख्मी हो गए हैं। बताया गया है की सभी घायलों को इलाज के लिए त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। त्रिवेणीगंज से एक यात्री बस यात्रियों को लेकर सुपौल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बघला के समीप एनएच 327 ई पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दुर्घटना में मौके पर ही एक यात्री की मौत हो गई। मृतक कि पहचान महेसुआ निवासी संतोष राम के रूप में हुई है। बताया गया कि इस दुर्घटना में बस में सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। कहा गया है कि बस पर करीब एक दर्जन यात्री सवार थे। घटना के विरोध में आक्रोषित लोगों ने त्रिवेणीगंज में अनुमंडलीय अस्पताल के समीप एनएच 327 ई सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया है। हालांकि जाम कि सूचना पर मौके पर सीओ,बीडीओ, थानाध्यक्ष अपने दल बल से पहुंच जाम कर रहे लोगों को समझ बुझा कर समुचित आश्वासन देने के बाद जाम को हटा दिया गया है। बताया गया कि करीब एक घंटे रही सड़क जाम के कारण आवाजाही प्रभावित हुई। फिलहाल सड़क जाम को हटाकर सड़क पर आवाजाही दुरुस्त किया गया त्रिवेणीगंज पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दी है घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# भारत रत्न काशी महामना पुरस्कार से सम्मानित किए गए पंडित आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र

न्यूज स्केल सुपौल



बनारस के विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ( B H U ) के प्रांगण के एन ओडिपा ऑडिटोरियम में सुपौल के लाल गोसपुर ग्राम निवासी पंडित आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र को देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत रत्न काशी महामना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बीएचयू में राष्ट्रीय स्तर के सभा में इस तरह के पुरस्कार पाना असाधारण प्रतिभा के बिना संभव नहीं है किन्तु अपनी योग्यता और साधना, उपासना के बल पर यह पुरस्कार ग्रहण कर वे केवल अपना नाम ही नहीं बल्कि राज्य और पूरे जिले का भी नाम उजागर किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 निरंकारनंद जी महाराज महामंडलेश्वर प्रोफेशर डॉ आर एन तिवारी एवं काशी हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ योगेश तरेहन के कर कमलों से प्रदान किया गया। यह पुरस्कार धर्म संस्कृति, अध्यात्म एवं संस्कृत शिक्षा की अभिवृद्धि के लिए प्रदान किया जाता है। जिसका ऑर्गनाइजेशन सुदर्शन सभा के द्वारा होता है।वहीं सम्मान प्राप्त करने के उपरांत आचार्य धर्मेंद्रनाथ मिश्र ने कहा कि हम सदैव जीवन पर्यंत अपनी धर्म संस्कृति अध्यात्म और संस्कृत शिक्षा के लिए सदैव धर्म पूर्वक कार्य करते रहेंगे। वहीं बता दे कि आचार्य श्री मिश्र को अभी तक अनेकानेक पुरस्कार मिल चुका है। उनके इस उपलब्धि से सुपौल जिले के साथ साथ संपूर्ण मिथिला गौरवान्वित है।

## बरुआरी गांव की सड़क पर कीचड़ और जलभराव रहने के कारण लोगों को हो रही परेशानी ,जनप्रतिनिधि बेखबर



न्यूज स्केल सुपौल

सदर प्रखंड के बरुआरी पश्चिम पंचायत, वार्ड एक में सड़क पर पानी और कीचड़ रहने से आमलोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां विकास के खोखले वादों की पोल खोल रही है।


सड़क आज भी कीचड़ और गड्ढों से भरी हुई है बारिश होते ही यह सड़क दलदल में तब्दील हो जाता है। सड़क सिर्फ गांव के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि आस-पास के कई गांवों के लिए मुख्य रास्ता है लेकिन इसकी हालत ऐसी है कि लोग यहाँ से गुजरते हुए परेशान हो जाते हैं कोई गिरता है, कोई फिसलता है । नाला के अभाव में पानी की निकासी नही होती है। नतीजा बारिश होते ही सड़क दलदल में बदल जाता है । स्कूल जाने में बच्चों को काफी परेशानी होती है। जनप्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं देते है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# कोशी का बढ़ा जलस्तर, मरौना प्रखंड में घुसे पानी से लोग बेबस

न्यूज स्केल मरौना







प्रखंड में कोशी नदी के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। नदी का पानी अब ग्रामीण इलाकों के घरों तक पहुँच गया है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सिसौनी, घोघररिया और आसपास के पंचायतों में स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जहाँ ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं। बाढ़ के कारण कई घरों में पानी घुस जाने से लोगों का रहना और सामानों की सुरक्षा चुनौती बन गई है। खेतों में खड़ी फसलें डूबने लगी हैं और पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा लगातार राहत और बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। मरौना प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी रचना भारतीय ने स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल हालात काबू में हैं। प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।" उन्होंने बताया कि आवश्यक राहत सामग्री की व्यवस्था की जा रही है और लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी के विरोध में दर्जनों महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन

न्यूज स्केल पिपरा



प्रखंड कार्यालय के समीप भाकपा माले एवं अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के नेतृत्व में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें दर्जनों महिलाएं शामिल हुई। प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर विरोध किया है। जिसमे माइक्रो फाइनेंस कंपनी द्वारा दिये गए ऋण को माफ करने, माइक्रो फाइनेंस कंपनी के द्वारा जबरन ऋण वसूली पर रोक लगाने सहित कई अन्य मांगे शामिल है। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों का ज्ञापन पीपरा बीडीओ को सौंपने की बात कही और प्रशासन से इस दिशा में समुचित पहल की मांग की है। इस दौरान प्रदर्शन करियों में दर्जनों महिलाएं शामिल थे।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तृतीय चरण में 55 हजार महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान

## पूर्वी चंपारण जिले के राजेंद्र भवन, मोतिहारी में लगभग 500 जीविका दीदियाँ एवं अधिकारी उपस्थित थे

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

**01: जिले के सभी 27 प्रखंडों, 80 संकुल संघों और 3,700 ग्राम संगठनों में लगभग 5 लाख महिलाओं ने लाइव प्रसारण देखा।**

**02: योजना के तहत पात्र महिलाओं को आगे 2,00,000 तक की अतिरिक्त सहायता भी मिलेगी।**

**03 : प्रथम एवं द्वितीय चरण में पूर्वी चंपारण में 4,20,000 महिलाओं को 420 करोड़ रुपये का लाभ पहुंच चुका है।**





बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत परिवार की एक महिला को अपनी पसंद के रोजगार हेतु 10,000 रुपये की प्रथम किस्त वितरित की गई। यह कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में लाइव प्रसारित किया गया।

पूर्वी चंपारण जिले के राजेंद्र भवन, मोतिहारी में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त और सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी इस अवसर पर कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 500 जीविका दीदियाँ भी कार्यक्रम मे मौजूद थीं।

**27 प्रखंड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम का लाइव**

इस दौरान जिले के सभी 27 प्रखंड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया। इसके अलावा, 80 संकुल स्तरीय संघों में लगभग 16,000 और 3,700 ग्राम संगठनों में लगभग 4,44,000 महिलाओं ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। यह कार्यक्रम का प्रसारण टीवी, यूट्यूब और अन्य माध्यमों से कुल 5,000 से अधिक स्थानों पर लगभग 5 लाख महिलाओं ने लाइव प्रसारण का लाभ उठाया।

**पूर्वी चंपारण जिले में अब तक की उपलब्धियाँ** : योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में पूर्वी चंपारण जिले की कुल 4,20,000 महिलाओं को 420 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया जा चुका है। आज के कार्यक्रम में तृतीय चरण के अंतर्गत 55,000 महिलाओं को 55 करोड़ रुपये भेजे गए। इस वित्तीय सहायता से महिलाओं और उनके परिवारों में खुशी का माहौल देखा गया।

**सामाजिक और आर्थिक प्रभाव :** इस योजना के माध्यम से न केवल महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनके परिवार और समाज में भी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। महिलाएँ अपने व्यवसाय को बढ़ाकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। जीविका कार्यक्रम से जुड़ी महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

**सशक्त होंगी महिलायें**

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके व्यवसाय को स्थायी रूप से विकसित करना बताया गया । इस योजना के तहत पात्र परिवारों की एक महिला को प्रथम किस्त के रूप में 10,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं, और भविष्य में उनके व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए 2,00,000 रुपये तक की अतिरिक्त सहायता का प्रावधान है।

# अलीनगर से बीजेपी की संभावित उम्मीदवार बनेंगी लोकगायिका मैथिली ठाकुर, मिथिला में उत्साह की लहर




**दरभंगा,** (हि.स.)। अलीनगर विधानसभा सीट पर इस बार भारतीय जनता पार्टी (BJP) का रणनीतिक दांव राजनीति से अधिक सांस्कृतिक प्रतीत हो रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सुप्रसिद्ध लोकगायिका और मिथिला की पहचान मैथिली ठाकुर को अलीनगर से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, पर क्षेत्र में सियासी हलचल और चर्चाओं का दौर तेज़ हो गया है।

**बाहरी चेहरे की रणनीति :** अलीनगर में एनडीए के भीतर लंबे समय से चल रही गुटबाजी और स्थानीय दावेदारों के बीच मतभेद के कारण पार्टी ने इस बार बाहरी लेकिन लोकप्रिय चेहरा मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। मैथिली ठाकुर जैसे सांस्कृतिक प्रतीक के संभावित प्रवेश से युवाओं और आम जनता में उत्साह देखा जा रहा है, जबकि कई स्थानीय दावेदारों और कार्यकर्ताओं में निराशा भी है।

**राजनीतिक समीकरण में बदलाव :** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मैथिली ठाकुर के मैदान में उतरने से अलीनगर का राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल सकता है। इससे राजद के संभावित उम्मीदवार बिनोद मिश्र के लिए मुकाबला और चुनौतीपूर्ण बनता दिख रहा है। पहले उनका नाम बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र से जोड़ा गया था, लेकिन अब पार्टी का झुकाव अलीनगर की ओर साफ दिखाई दे रहा है।

**सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान :** मैथिली ठाकुर का सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान अत्यंत प्रेरक है। उन्हें 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड में "Cultural Ambassador of the Year" का सम्मान मिला। बिहार सरकार ने उन्हें खादी, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट की ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। साथ ही, उन्होंने 'मानसपाठ' श्रृंखला के माध्यम से रामचरितमानस का संगीतबद्ध पाठ प्रस्तुत किया, जो सोशल मीडिया पर अत्यधिक लोकप्रिय हुआ। उनकी संभावित उम्मीदवारी से न केवल अलीनगर, बल्कि पूरे मिथिला अंचल में राजनीतिक और सांस्कृतिक चर्चा गर्मा गई है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : पश्चिम चंपारण में 93,000 महिलाओं को 10,000 की राशि अंतरण

**न्यूज स्केल बेतिया**




मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आज राज्यभर की 21 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हज़ार रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। पश्चिम चंपारण जिले में 93,000 महिलाओं के खाते में कुल ₹93 करोड़ की राशि हस्तांतरित हुई।

**आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार :** योजना से महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, पशुपालन, किराना दुकान, फूड प्रोसेसिंग और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों में निवेश कर रही हैं। अब तक जिले में 5.4 लाख महिलाओं को राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

**भविष्य में अतिरिक्त सहायता**

राज्य सरकार महिलाओं को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराएगी। उपस्थित महिलाओं ने योजना से आत्मविश्वास और आर्थिक स्वावलंबन की अनुभूति होने की बात कही, जिससे परिवार और समाज में उनकी भूमिका भी सशक्त हुई है।

**जिले में उत्सवपूर्ण कार्यक्रम**

कार्यक्रम जिला समाहरणालय, 57 जीविका महिला संकुल संघ और 2700 ग्राम संगठनों में आयोजित किया गया। महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। उप विकास आयुक्त श्री सुमित कुमार और जिला परियोजना प्रबंधक श्री आर. के. निखिल भी उपस्थित रहे।

# दरभंगा में अनुकंपा पर चयनित 52 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**न्यूज स्केल दरभंगा**



समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी दरभंगा श्री कौशल कुमार ने जिले के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनुकंपा के आधार पर चयनित 52 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसमें 44 विद्यालय लिपिक और 8 विद्यालय परिचारी शामिल थे। जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने विद्यालयों में शीघ्र योगदान दें और ईमानदारी तथा समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है अपने कार्य के प्रति उत्तरदायित्व और निष्ठा दिखाना। अभ्यर्थियों से अपेक्षा जताई गई कि वे शिक्षा के स्तर को बढ़ाने और विद्यालय का नाम रोशन करने में योगदान दें। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता के. परीक्षित, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येन्द्र प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्णानंद सदा, जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्थापना) अवधेश कुमार तथा अन्य अधिकारी और अभ्यर्थी उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार यह पहला चरण है, जिसमें अब तक कुल 160 अभ्यर्थियों को अनुकंपा पर नियुक्ति दी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे नवनियुक्त अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन दें ताकि वे अपने कार्य में कुशल और तत्पर योगदान दे सकें।

# इंदिरा गाँधी ह्रदय रोग संस्थान में पश्चिम चंपारण के 24 बाल ह्रदय रोगियों की हुई स्क्रिनिंग



**बेतिया,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों के 24 बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ एम्बुलेंस द्वारा जिला समाहरणालय बेतिया से पटना स्थित इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान भेजा गया। यहां बच्चों की स्क्रीनिंग अहमदाबाद के सत्य साईं हॉस्पिटल के डॉक्टरों की देखरेख में अन्य जिलों के बच्चों के साथ की गई।

**स्क्रीनिंग और गंभीर मामलों का उपचार :** गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. मूर्तजा अंसारी ने बताया कि कैंप में बच्चों की प्राथमिक जाँच की जाएगी। सामान्य हृदय रोग वाले बच्चों का इलाज पटना में किया जाएगा, जबकि गंभीर हृदय रोग वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ हवाई जहाज से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाएगा। वहां उनकी हृदय समस्याओं की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी।

**योजना का लाभ और आंकड़े**

डॉ. अंसारी ने बताया कि अब तक 0-18 वर्ष के 126 बच्चों की जांच कराई जा चुकी है, जिनमें से 79 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है। जिला समन्वयक डॉ. रंजन मिश्रा ने कहा कि मीडिया के सहयोग से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और अब सभी प्रखंडों के लोग योजना का लाभ ले रहे हैं।

**आरबीएसके के माध्यम से पहचान :** डॉ. रंजन मिश्रा ने बताया कि सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें स्क्रीनिंग के लिए चुना जाता है। गंभीर बीमारियों वाले बच्चों को पटना रेफर किया जाता है और गंभीर हृदय रोग वाले बच्चों को निःशुल्क एम्बुलेंस और विमान द्वारा अहमदाबाद भेजा जाता है। हृदय में छेद जैसी गंभीर समस्या होने पर +91 84060 65835 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) :** सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार ने बताया कि आरबीएसके के तहत 43 प्रकार की बीमारियों की निःशुल्क जांच आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और अन्य स्थानों पर की जाती है। हृदय रोग के लक्षण पाए जाने पर बच्चों को स्क्रीनिंग के लिए जिला अस्पताल भेजा जाता है और गंभीर मामलों में उन्हें निःशुल्क पटना और अहमदाबाद भेजा जाता है। मौके पर डॉ. मूर्तजा अंसारी, डॉ. रंजन कुमार मिश्रा, फार्मासिस्ट, एम्बुलेंस चालक और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# सनकी बंदर ने लोगों का किया जीना मुश्किल ,सत्तर लोग को काटकर घायल कर चुका



**बगहा,** (हि.स.)। बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत लौकरिया थाना क्षेत्र के हरनाटांड गांव में एक सनकी बंदर पिछले लगभग तीन महीनों से ग्रामीणों के लिए डर का सबब बन गया है। यह बंदर लगातार लोगों पर हमला कर चुका है और अब तक करीब 70 लोग घायल हो चुके हैं।

**बंदर का हमला बच्चों और बुजुर्गों पर :** ग्रामीणों के अनुसार, बंदर घरों में घुसकर छोटे बच्चों को काट लेता है और घसीटने की कोशिश करता है। इसके अलावा यह फ्रिज खोलकर खाने-पीने की चीजें भी निकाल ले जाता है। बच्चों और बुजुर्गों में बंदर के डर के कारण घरों से बाहर निकलने और स्कूल जाने में कतराहट बढ़ गई है। स्थानीय निवासी सुशील मिश्रा, सनोज शर्मा और दिलीप जायसवाल ने बताया कि बंदर आतंक का पर्याय बन चुका है।

**स्वास्थ्य सुरक्षा का इंतजाम**

पीएचसी सूत्रों के अनुसार, अब तक 70 से अधिक लोग बंदर के हमले में घायल होकर इलाज के लिए पहुंचे हैं। अस्पताल में एआरवी इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है और वे वन विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि बंदर का आतंक खत्म हो और सामान्य जीवन लौट सके।

**वन विभाग की कोशिशें और ग्रामीणों की नाराजगी** | : हरनाटांड वन क्षेत्राधिकारी शिव कुमार राम ने बताया कि बंदर के व्यवहार का अवलोकन किया गया है। यह काफी चालाक है और पिंजरे में नहीं फंस रहा है। विभाग द्वारा इसे पकड़ने की लगातार कोशिशें की जा रही हैं और वरीय अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

# ग्रामीणों पर लाठी चार्ज करने के आरोप में थाना प्रभारी निलंबित, तीन पुलिस अधिकारी लाइन हाजिर



**नवादा,** (हि.स.)। गोविंदपुर थाने में हाल ही में हुई हिंसक घटना और पुलिस पर पथराव के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। मगध रेंज के आईजी छत्रनील सिंह के निर्देश पर एसपी अभिनव धीमान ने थानाध्यक्ष बलबीर कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। डीएसपी गुलशन कुमार ने भी इसकी पुष्टि की। थानाध्यक्ष पर पहले से ही कई गंभीर आरोप लगे हुए थे। उनकी कार्यशैली और पूर्व घटनाओं में संदिग्ध भूमिका के कारण वरिष्ठ अधिकारी उनसे नाराज थे। गोविंदपुर युवक मौत मामले में आईजी ने थानाध्यक्ष के साथ दो एसआई और एक एएसआई को भी लाइन हाजिर किया। इसके बाद विजय कुमार को नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया। 25 सितंबर को दर्शन नाला बॉर्डर पर पुलिस पर हुए हमले और थाने के घेराव के दौरान थानाध्यक्ष की भूमिका पर सवाल उठे थे। शनिवार को गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित तालाब से सूरज कुमार का शव मिलने के बाद परिजनों ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए बल का प्रयोग किया, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया। मगध आईजी क्षत्रनील सिंह ने घटना की गहन जांच की और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर जानकारी ली। एसपी नवादा भी मौके पर मौजूद रहे। डीएसपी ने बताया कि सभी आरोपों की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही थानाध्यक्ष को निलंबित किया गया।

# भारत के समुद्री बेड़े में शामिल हुआ दूसरा उथला जल पोत आईएनएस 'एंड्रोथ'



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना ने सोमवार को विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) आईएनएस एंड्रोथ को अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। यह पोत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों और संचार प्रणालियों से लैस है, जिससे यह सतह के नीचे के खतरों का सटीकता से पता लगा सकता है। इस वजह से नौसेना की समुद्री जल क्षमता बढ़ेगी और तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं का मुकाबला करने में आसानी होगी।
नौसेना ने आईएनएस एंड्रोथ को 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक चमकदार प्रतीक बताया है। आईएनएस एंड्रोथ को 77 मीटर लंबाई और लगभग 1500 टन विस्थापन क्षमता के साथ तटीय और उथले पानी में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। यह पोत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों और संचार प्रणालियों से लैस है, जिससे यह सतह के नीचे के खतरों का सटीकता से पता लगाकर उन्हें बेअसर कर सकता है। तकनीकी रूप से उन्नत मशीनरी और नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित यह पोत उथले पानी में लंबे समय तक संचालन कर सकता है। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में निर्मित यह पोत समुद्री डीज़ल इंजनों से संचालित होगा। इसकी क्षमताएं समुद्री निगरानी, खोज और बचाव, तटीय रक्षा मिशन और निम्न तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तक विस्तृत हैं। आईएनएस एंड्रोथ की भूमिका तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं के खतरों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण होगी। इस जहाज का नौसेना में शामिल होना स्वदेशीकरण, नवाचार और क्षमता संवर्धन पर निरंतर जोर देने के साथ ही भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को मजबूत करने में जीआरएसई के महत्वपूर्ण योगदान का प्रमाण है।
जहाज का नाम लक्षद्वीप समूह के सबसे उत्तरी द्वीप एंड्रोथ के नाम पर रखा गया है, जो भारत के समुद्री क्षेत्र में अपने ऐतिहासिक और रणनीतिक महत्व के लिए जाना जाता है। कमीशनिंग के अवसर पर पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने जहाज के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और उन्हें जहाज की निर्माण यात्रा और नई स्वदेशी क्षमताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह के दौरान उन्होंने जहाज के कमीशनिंग क्रू और जीआरएसई के अधिकारियों के साथ बातचीत की और आईएनएस एंड्रोथ की समय पर तैनाती के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए उन्हें बधाई दी।

# ओएनजीसी आंध्र प्रदेश में 172 तटवर्ती कुओं के विकास के लिए 8,110 करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) आंध्र प्रदेश में आठ उत्पादन खनन लाइसेंस (पीएमएल) ब्लॉकों में 172 कुओं से तेल एवं गैस के तटवर्ती विकास और उत्पादन के लिए 8,110 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ओएनजीसी आंध्र प्रदेश में तेल और गैस निकालने के लिए 8110 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। यह निवेश आठ पीएमएल ब्लॉक में 172 कुओं के ऑनशोर डेवलपमेंट के लिए किया




जाएगा। पर्यावरण मंत्रालय की एक समिति ने इस प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की सिफारिश की है। ओएनजीसी को निर्देश दिया कि वह मंत्रालय को प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रस्तावित सभी पर्यावरण संरक्षण उपायों एवं सुरक्षा उपायों का अनुपालन करे। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के मुताबिक इस परियोजना की अनुमानित लागत 8110 करोड़ रुपये है। पर्यावरण प्रबंधन योजना की पूंजीगत लागत 172 करोड़ रुपये होगी और ईएमपी की आवर्ती लागत 91.16 करोड़ रुपये प्रति वर्ष होगी।

# एडविट ज्वेल्स ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। जयपुर स्थित एडविट ज्वेल्स लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया है। कंपनी के 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस IPO में 1.38 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल हैं और इसे बीएसई व एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

**कंपनी प्रोफाइल और ब्रांडिंग**
2019 में स्थापित जयपुर स्थित एडविट ज्वेल्स लिमिटेड कुंदन, पोल्की, हीरे और जड़ाऊ आभूषणों के निर्माण और बिक्री में विशेषज्ञ है। इसका प्रमुख ब्रांड रामभजो है, जो पारंपरिक और समकालीन हस्तनिर्मित आभूषणों को मिलाकर नवाचार और डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी दुनियाभर की कला और शिल्प तकनीकों को मिलाकर नए डिज़ाइन प्रस्तुत करती है।
एडविट ज्वेल्स का IPO निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करता है, क्योंकि यह पारंपरिक और समकालीन डिज़ाइन के संयोजन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले आभूषण निर्माण में विशेषज्ञ कंपनी है और इसके वित्तीय उपयोग का स्पष्ट रोडमैप उपलब्ध है।

**बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया और आरक्षण :** कंपनी का IPO सेबी ICDR नियमों के तहत बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है। इसमें 50% हिस्सा योग्य संस्थागत निवेशकों (QIBs) के लिए, कम से कम 15% हिस्सा गैर-संस्थागत निवेशकों (NIIs) के लिए और कम से कम 35% हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (RIIs) के लिए आरक्षित किया गया है।

**IPO का उद्देश्य और वित्तीय योजना :** एडविट ज्वेल्स लिमिटेड इस IPO से जुटाए गए 65 करोड़ रुपये का उपयोग वृद्धिशील कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, बैंक उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, और अन्य सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति और संचालन क्षमता में सुधार होने की संभावना है।

# ब्लड शुगर का नॉर्मल लेवल और डायबिटीज में ध्यान रखने योग्य बातें

खराब लाइफस्टाइल और असंतुलित खानपान की वजह से शरीर कई बीमारियों का शिकार बनता है, जिनमें डायबिटीज एक आम समस्या है। डायबिटीज में ब्लड शुगर का स्तर असामान्य रूप से बढ़ता या घटता रहता है, इसलिए इसे नियमित चेक करना जरूरी है।
यदि कोई व्यक्ति पिछले 8 घंटे से कुछ नहीं खाया है, तो उसका ब्लड शुगर लेवल सामान्यतः 70-99 mg/dl के बीच होना चाहिए। फास्टिंग में 130 mg/dl या उससे अधिक ब्लड शुगर डायबिटीज का संकेत हो सकता है। अधिक बढ़ने पर यह सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। खाने के 2 घंटे बाद स्वस्थ लोगों का ब्लड शुगर लेवल लगभग 130-140 mg/dl के बीच होता है। डायबिटीज पेशेंट में यह स्तर 180 mg/dl तक हो सकता है। ब्लड शुगर कैसे चेक करें ब्लड शुगर लैब टेस्ट से या घर पर ब्लड ग्लूकोमीटर की मदद से चेक किया जा सकता है। ये मशीनें ऑनलाइन या मेडिकल शॉप से आसानी से उपलब्ध हैं। डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। रात का खाना सोने से कम से कम 2 घंटे पहले खाएं। अपनी डाइट में फाइबर शामिल करें और नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। ये आदतें ब्लड शुगर नियंत्रित रखने में मदद करती हैं।

# कफ सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल की मौजूदगी से बच्चों की मौत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**» यह केमिकल मुख्य रूप से लिवर और किडनी को प्रभावित करता है।**

------------------

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 2 से 5 साल के 11 बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे बुखार और सर्दी-खांसी के इलाज के लिए अस्पताल गए थे, लेकिन डॉक्टर द्वारा लिखे गए सिरप ने उनकी हालत और बिगाड़ दी। जांच में पाया



गया कि सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल (Diethylene Glycol) नामक जहरीला केमिकल 48.3% की मात्रा में मौजूद था। छिंदवाड़ा पुलिस ने इस सिरप को लिखने वाले बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी को गिरफ्तार किया है।

**डायथिलीन ग्लाइकॉल: जानलेवा केमिकल :** डायथिलीन ग्लाइकॉल एक रंगहीन, गंधहीन और मीठा पदार्थ है, जो मुख्य रूप से यकृत और किडनी को प्रभावित करता है। यह सामान्यतः दवाओं में इस्तेमाल नहीं होता, लेकिन अगर इसका सेवन हो जाए तो यह शरीर में तेजी से एब्सॉर्ब होकर अंगों तक पहुंचता है।

**शरीर पर असर और भविष्य में जोखिम :** शरीर में पहुंचने के बाद यह केमिकल किडनी द्वारा फिल्टर नहीं हो पाता और लिवर, ब्रेन, हार्ट और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। जीवित बच्चों में भी इसके सेवन के बाद मेटाबॉलिक एसिडोसिस, अंग विफलता और किडनी संबंधी गंभीर बीमारियां विकसित हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे जहरीले केमिकल से बचाव और दवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत जरूरी है।

# राशिफल : 07 अक्टूबर, 2025

मेष : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

वृष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

मकर : 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

कुम्भ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

# पंचांग : 07 अक्टूबर, 2025

07 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र मीन में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.42 बजे से
वृश्चिक 08.57 ब.से
धनु 11.13 बजे से
मकर 13.18 बजे से
कुंभ 15.04 बजे से
मीन 16.37 बजे से
मेष 18.08 बजे से
वृष 19.48 बजे से
मिथुन 21.46 बजे से
कर्क 23.59 बजे से
सिंह 02.16 बजे से
कन्या 04.27 बजे से
मंगलवार 2025 वर्ष का 280 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि पूर्णिमा 09.18 बजे तदनन्तर प्रतिपदा 05.54 बजे प्रातः को समाप्त।
नक्षत्र रेवती 01.28 बजे रात्र को समाप्त।
योग ध्रुव 09.31 बजे तदनन्तर व्याघात 05.35 बजे प्रातः को समाप्त।
करण बव 09.18 बजे, बालव 19.37 बजे तदनन्तर कौलव 05.54 बजे प्रातः को समाप्त।
चन्द्रायु 15.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 050 31'
सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872490
जूलियन दिन 2460955.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
जरी सन् 1447 महीना रबी उस्सानी तारीख 14 विशेष आश्विन पूर्णिमा, वाल्मिकी जयंती, मीराबाई जयंती।



# रामनगर की विश्वप्रसिद्ध रामलीला में भोर की आरती देख श्रद्धालु आह्लादित



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वाराणसी, 06 अक्टूबर (हि.स.)। विश्व प्रसिद्ध 'रामनगर की रामलीला' की भोर की आरती देखने के लिए सोमवार तड़के रामलीला स्थल पर आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। महाप्रतापी रावण का बध कर चौदह वर्ष बाद अयोध्या लौटे भगवान राम के राज्याभिषेक के दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रामनगर दुर्ग से लेकर रामलीला स्थल तक "राजाराम की जय" और "हर-हर महादेव" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

**श्रद्धालुओं की भीड़ और आस्था :** श्रद्धालु न केवल काशी बल्कि पूर्वांचल और समीपवर्ती बिहार से भी रविवार देर शाम से ही रामलीला स्थल पर जुट गए। आसपास की दीवारों, छतों, मंदिरों और चबूतरों पर लोग रामलीला देखने के लिए डटे रहे। पूरी रात खुले आसमान के नीचे लाखों श्रद्धालु प्रभु राम की भक्ति में डूबे रहे। भोर होते-होते रामनगर किला मार्ग से अयोध्या मैदान तक पैदल चलने की भी जगह नहीं बची, बावजूद इसके लोग धक्का-मुक्की में भी रामभक्ति का अनुभव करते रहे।

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का साक्षात्कार** :भोर की आरती में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी श्रद्धा भाव से शामिल हुए। सुबह लगभग 5.45 बजे सूर्य की किरणों के बीच माता कौशल्या ने अयोध्या के राज सिंहासन पर विराजमान भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत और शत्रुध्न के चरणों में नतमस्तक होकर शिरोमणि हनुमान की आरती की।

**भगवान राम का राज्याभिषेक**
रामनगर किले से नंगे पांव आए महाराज डॉ. अनंत नारायण सिंह ने परंपरा का पालन करते हुए भगवान राम का तिलक किया और आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात मशाल और महताबी रोशनी में भगवान राम की आरती हुई, जिसके बाद भव्य राज्याभिषेक की लीला संपन्न हुई। इस दौरान गुरु वशिष्ठ, लंकापति महाराज विभीषण, राजा सुग्रीव, युवराज अंगद और महाबली हनुमान सहित अन्य वीर संग भी उपस्थित रहे।

**अंगद का किष्किंधा प्रस्थान**
लीला में भगवान राम ने अपनी वानरी सेना को विदा किया। सुग्रीव, जामवंत, नल-नील आदि अपने राज्यों के लिए रवाना हुए, लेकिन युवराज अंगद ने जाने से इंकार किया। भगवान राम ने उन्हें उठाकर किष्किंधा का राजपाट संभालने के लिए भेजा। इसके बाद अंगद अपने राज्य की ओर चले और लीला का समापन हुआ।

# उत्तर बंगाल में तबाही : मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की पीड़ित परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा



**कोलकाता,** (हि.स.)। उत्तर बंगाल में भारी बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही के बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के परिजनों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को होमगार्ड की नौकरी देने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार दोपहर उत्तर बंगाल के बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित इलाकों का दौरा करने से पहले कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "मुझे पता है कि पैसे से किसी की जान की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन सरकार की सामाजिक जिम्मेदारी है कि वह संकट में लोगों के साथ खड़ी रहे। इसलिए मुआवजा और नौकरी की यह मदद दी जा रही है, ताकि पीड़ित परिवारों को भविष्य में दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े।"

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि उत्तर बंगाल की स्थिति और भी खराब इसलिए हुई, क्योंकि पड़ोसी देश भूटान से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया। उन्होंने इस आपदा को "मानव-निर्मित" बताया। ममता बनर्जी के अनुसार, जैसे दक्षिण बंगाल में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के बांधों से पानी छोड़ने से बाढ़ की स्थिति बनी, वैसे ही भूटान की ओर से पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर बंगाल में यह संकट पैदा हुआ।

हालांकि, भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के इस बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा आपदा के समय जिम्मेदारी से बचने के लिए दोषारोपण का खेल शुरू कर देती हैं। दक्षिण बंगाल में वह डीवीसी को दोष देती हैं और उत्तर बंगाल में भूटान को। उन्हें यह समझना चाहिए कि इस समय प्राथमिकता लोगों की मदद करना है, न कि आरोप-प्रत्यारोप में उलझना।

राज्य सरकार के अनुसार, अब तक उत्तर बंगाल के पहाड़ी, तराई और डुआर्स (भारत के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में हिमालय की तलहटी में स्थित जलोढ़ बाढ़ के मैदान) क्षेत्रों में बारिश और भूस्खलन के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत दर्ज की गई है।

# कटक के 13 थाना क्षेत्रों में तनाव, कर्फ्यू लगाया गया, इंटरनेट सेवाएं निलंबित




**भुवनेश्वर,** (हि.स.)। राज्य के कटक में दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा पर पथराव के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसे देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार रात 10 बजे शहर के 13 थाना क्षेत्रों में 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया। यह क्षेत्र हैं-दरगाह बाजार, मंगलाबाग, कैंटोनमेंट, पुरी घाट, लालबाग, बिडानासी, मर्कतनगर, सीडीए फेज-II, मालगोदाम , बादामबाडी जगतपुर, 42 मौजा और सदर थाना।

पुलिस आयुक्त एस. देवदत्त सिंह ने कहा कि हालात की विस्तृत समीक्षा के बाद कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति भंग करने या कर्फ्यू का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, ओडिशा के पुलिस महानिदेशक वाई.बी. खुरानिया ने रविवार को कटक की स्थिति की समीक्षा की और नागरिकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग केवल पुलिस वेबसाइट पर उपलब्ध प्रमाणित जानकारी पर ही भरोसा करें। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने डीजीपी को कटक में कैंप करने की सलाह दी है।

इस बीच ओडिशा सरकार ने कटक के कुछ हिस्सों में इंटरनेट और सोशल मीडिया सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। गृह विभाग ने कहा कि यह कदम व्हाट्स ऐप, फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफार्मों पर फैल रही अफवाहों, भड़काऊ और भ्रामक संदेशों को रोकने के लिए उठाया गया है। गौरतलब है कि शुक्रवार देररात शहर के दारगाह बाजार इलाके में दुर्गा विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव की घटना हुई थी। इसमें कटक के पुलिस उपायुक्त ऋषिकेश खिलारी सहित अनेक लोग घायल हो गए थे।

# "डिजिटल अरेस्ट" ठगी गिरोह का भंडाफोड़, दिल्ली और उप्र से पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (हि.स.)**
---------------------------

मध्य जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक बड़े "डिजिटल अरेस्ट" साइबर ठगी के सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 14 मोबाइल फोन, 40 चेकबुक, 33 सिम कार्ड, 15 कंपनी स्टाम्प, 22 स्टाम्प पेपर, 19 डेबिट कार्ड, 14 पैन कार्ड, 7 डिजिटल सिग्नेचर, एक बैंक स्कैनर, एक कार्ड स्वाइप मशीन और एक लग्जरी कार बरामद की गई है।

मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने सोमवार को बताया कि शिकायतकर्ता महिला के साथ 19 लाख की ठगी "डिजिटल अरेस्ट" के नाम पर की गई थी। पीड़िता की शिकायत के अनुसार उनको एक कॉल मिला जिसमें खुद को एनसीबी अधिकारी बताया गया। उसे डराया गया कि उसका आधार कार्ड आपराधिक गतिविधियों में प्रयोग हुआ है। बाद में एक व्यक्ति ने खुद को पुलिस उपायुक्त बताकर उसे "सुरक्षा जांच" के बहाने स्काइप आईडी पर जोड़ने को कहा, जहां फर्जी एनसीबी आईडी कार्ड और दस्तावेज दिखाए गए। डर के माहौल में महिला से बैंक विवरण, ओटीपी और पैसे खाते में ट्रांसफर करा लिए गए। इधर पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान तकनीकी निगरानी और खुफिया इनपुट के आधार पर पुलिस ने मुकुंदपुर दिल्ली से लोकेंद्र गुप्ता को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने फर्जी कंपनियां खोलने में मदद की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हापुड़ से मनोज चौधरी, ग्रेटर नोएडा से मोहित जैन उर्फ रिंकू, केशव कुमार और शाहदरा से सैफ अली को गिरफ्तार किया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि यह गिरोह देशभर में फर्जी कंपनियां और खाते खोलकर साइबर ठगी करता था। पुलिस के अनुसार, इनके बैंक खातों से जुड़े 473 साइबर ठगी की शिकायतें देशभर में दर्ज हैं। जिनमें 24 मामले दिल्ली के ही हैं।

# जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में लगी आग, सात मरीजों की मौत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। ईसीयू में रविवार देर रात आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का मुख्य कारण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।




**आग का विवरण** : रविवार रात लगभग 11:20 बजे न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर रूम में आग लगी। स्टोर में पेपर, मेडिकल उपकरण और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे हुए थे। देखते ही देखते आग ने आईसीयू को घेर लिया और धुआं फैल गया। फायर ब्रिगेड ने खिड़कियों से पानी की बौछार कर करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**राहत और जांच** : मुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर त्वरित राहत कार्य सुनिश्चित किए। प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जा रही है। उच्चस्तरीय जांच के लिए समिति गठित की गई है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**मृतकों और बचाव कार्य**
मृतकों की पहचान पिंटू, दिलीप, श्रीनाथ, रुकमणि, कुशमा, सर्वेश और बहादुर के रूप में हुई। आईसीयू में 11 मरीज भर्ती थे, जिनमें से छह की मौके पर मौत हो गई। आईसीयू के ग्लास वर्क और जहरीली गैस के कारण बचाव कार्य में देरी हुई। ऑन-ड्यूटी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने मरीजों को बाहर निकालकर अन्य आईसीयू में शिफ्ट किया।

# शिक्षा और नवाचार आधारित अनुसंधान से ही विकास संभव : गडकरी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका प्रशिक्षित और प्रतिभाशाली युवा वर्ग है। यदि युवा शक्ति को संसाधनों और अवसरों से जोड़ा जाए, तो भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य जल्दी हासिल कर सकता है। गडकरी ने फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा किसी भी देश के भविष्य की नींव होती है और प्रधानमंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को पाने में इसकी अहम भूमिका होगी।




**शिक्षा और अनुसंधान में सुधार** : गडकरी ने जोर दिया कि शिक्षा को भविष्योन्मुखी और स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ना होगा। विश्वविद्यालयों को अपने क्षेत्र की जरूरतों और संसाधनों के आधार पर अनुसंधान करना चाहिए। दुनिया के विकसित देशों ने शिक्षा और नवाचार के बल पर अपनी ताकत बढ़ाई है, और भारत को भी इसी दिशा में काम करना होगा।

**बुनियादी ढांचे में नई तकनीक** :
मंत्री ने मलेशिया की नई निर्माण तकनीक का उदाहरण दिया, जो पुल और मेट्रो परियोजनाओं में पिलरों के बीच दूरी बढ़ाकर लागत में लगभग 25 प्रतिशत तक की बचत कर सकती है। चेन्नई मेट्रो प्रोजेक्ट में इस तकनीक के इस्तेमाल से 15–20 हजार करोड़ रुपये की सीधी बचत संभव है। उन्होंने कहा कि भारत में शैक्षणिक संस्थानों में तकनीक और अनुसंधान को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है।

**कौशल आधारित शिक्षा और वैश्विक नेतृत्व** :
गडकरी ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को तकनीकी अनुसंधान और कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ना होगा। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों से अपील की कि वे केवल डिग्री पर ध्यान न दें, बल्कि व्यावहारिक कौशल और नवाचार को बढ़ावा दें। इससे भारत न केवल तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, बल्कि वैश्विक नेतृत्व में भी अपनी भूमिका मजबूत करेगा।



# मिस्र के साथ ट्रंप के प्रस्ताव पर शर्म अल शेख में आज हमास और इजराइल के बीच वार्ता

**काहिरा,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव को लेकर आज का दिन निर्णायक माना जा रहा है। फिलिस्तीनी संगठन हमास का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को मिस्र के शर्म अल शेख पहुंच चुका है। यहां हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम के पहले चरण के क्रियान्वयन को लेकर बातचीत होगी। मिस्र सरकार दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रही है।

**इजराइल ने रोका आक्रामक अभियान, दी चेतावनी :** इजराइल ने शनिवार को घोषणा की कि गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए चल रहे सभी आक्रामक अभियानों को रोक दिया गया है और अब केवल रक्षात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सैन्य प्रमुख इयाल जमीर ने उत्तरी गाजा का निरीक्षण करते हुए चेतावनी दी कि यदि वार्ता विफल हुई तो सैन्य अभियान दोबारा शुरू हो सकता है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने भी साफ कहा कि अगर हमास ने बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा पर हमला और तेज होगा।

**मुस्लिम देशों ने ट्रंप योजना का किया स्वागत :** इस बीच मिस्र, जॉर्डन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई, इंडोनेशिया और पाकिस्तान ने संयुक्त बयान जारी कर ट्रंप की युद्धविराम योजना का समर्थन किया है। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने गाजा में युद्ध समाप्त करने और सभी बंधकों की रिहाई के लिए हमास द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की है। यह बयान क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक संकेत माना जा रहा है।

**. चर्चा के केंद्र में कैदी अदला-बदली और हथियार सौंपना**

शिन्हुआ एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ता के मुख्य मुद्दों में हमास और इजराइल के बीच कैदियों की अदला-बदली, साथ ही हमास द्वारा अपने हथियार सौंपने की प्रक्रिया शामिल है। मिस्र के अधिकारियों ने बताया कि हमास से चर्चा के बाद इजराइल के प्रतिनिधियों से अलग बैठक की जाएगी। वार्ता के नतीजों की जानकारी ट्रंप के दामाद और वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर व अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को दी जाएगी।

**नेतन्याहू का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मिस्र :**

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मिस्र भेजा है, जिसका नेतृत्व सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डर्मर कर रहे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल शर्म अल शेख में हमास के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता में शामिल होगा। इस बातचीत का उद्देश्य गाजा में अभी भी बंधक बनाए गए 48 लोगों की रिहाई और लगभग दो वर्षों से जारी संघर्ष को समाप्त करना है। अब तक इस युद्ध में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और गाजा पूरी तरह तबाह हो चुका है।

# ट्रंप प्रशासन ने नहीं माना संघीय अदालत का फैसला, नेशनल गार्ड के 200 जवान पोर्टलैंड में तैनात

## गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर करने की घोषणा की

**वाशिंगटन,** (हि.स.)।

**1 व्हाइट हाउस ने कहा कि सैनिक तैनाती संघीय संपत्ति की रक्षा के लिए संवैधानिक अधिकार का प्रयोग है।**

--------------

**2 पेंटागन ने पुष्टि की कि सैनिकों की तैनाती राष्ट्रपति के निर्देश पर हुई है।**

--------------

ट्रंप प्रशासन ने ओरेगन के पोर्टलैंड में सैनिक तैनाती पर संघीय न्यायाधीश के फैसले को दरकिनार किया। कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड के लगभग 200 सैनिक रातों-रात पोर्टलैंड पहुंच गए। ओरेगन की गवर्नर टीना कोटेक ने कहा कि उन्हें कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई और राज्य में किसी भी तरह के विद्रोह या राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे का कोई संकेत नहीं है।



**कैलिफोर्निया का कानूनी कदम :** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर करने की घोषणा की। न्यूसम ने कहा कि यह सैनिक तैनाती संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग है और अमेरिकी सेना को नागरिकों के खिलाफ राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना गलत है।

**संघीय प्रतिक्रिया :** व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने कहा कि राष्ट्रपति ने हिंसा और दंगों के बाद संघीय संपत्ति की रक्षा के लिए यह कदम उठाया। संघीय सरकार ने न्यायाधीश कैरिन इमरगुट के 18 अक्टूबर तक सैनिकों को भेजने पर लगाए गए अस्थायी रोक को चुनौती देने के लिए नौवें सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स में अपील दायर की है।

**राज्य की तैयारी और पेंटागन की पुष्टि :** ओरेगन के अटॉर्नी जनरल डैन रेफील्ड ने राज्य द्वारा सैनिक तैनाती को रोकने के लिए पुनः मुकदमा करने की संभावना जताई। पेंटागन ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति के आदेश पर कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के सैनिक पोर्टलैंड में तैनात किए गए हैं। न्यूसम ने इसे कानून और सत्ता का दुरुपयोग करार दिया।

# मैक्रों के करीबी रोलां लेस्क्यूर फ्रांस के नए वित्त मंत्री नियुक्त

**पेरिस,** (हि.स.)। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू ने रविवार को नई सरकार की घोषणा की, जिसमें राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के करीबी सहयोगी रोलां लेस्क्यूर को देश का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया गया। नई कैबिनेट में पिछले सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री अपने पदों पर बने रहे हैं। 58 वर्षीय लेस्क्यूर ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत सोशलिस्ट पार्टी से की थी और 2017 में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान वे मैक्रों के पहले समर्थकों में से थे। उनकी नियुक्ति को वामपंथियों को साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि 2026 के बजट पर संसद में



सरकार को तीन धड़ों सेंट्रिस्ट, वामपंथ और अति-दक्षिणपंथ के बीच समझौता करना होगा। पूर्व वित्त मंत्री ब्रूनो ले मेर को इस बार रक्षा मंत्रालय सौंपा गया है। विपक्ष ने नई टीम की आलोचना करते हुए इसे "बैरू की सरकार बिना बैरू" बताया, वहीं मरीन ले पेन ने इसे "फ्रांस को कर्ज में डुबोने वाले व्यक्ति की वापसी" कहा। लेस्क्यूर को अब नाजुक बजटीय वार्ताओं में समाजवादियों का समर्थन या कम-से-कम उनका तटस्थ रुख हासिल करना होगा, साथ ही मैक्रों की प्रो-बिजनेस नीति को भी बनाए रखना होगा।

## बुलेटिन बॉक्स

» संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल क्लाइमेट समिट 2025 के लिए तैयारी शुरू कर दी।

-------------

» अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता पुनः शुरू, आर्थिक सहयोग पर चर्चा।

-------------

» माली में सैन्य तख्तापलट के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने निंदा की।

-------------

» ईरान में नई सरकार ने परमाणु वार्ता को फिर से सक्रिय किया।

-------------

» जापान ने 2025 ओलंपिक की तैयारियों में नई सुरक्षा उपायों की घोषणा की।

# इंडोनेशिया में इमारत हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 50 हुई , 13 लापता

**जकार्ता,** (हि.स.)। इंडोनेशिया में पूर्वी जावा द्वीप के सिदोअरजो शहर में एक स्कूल की इमारत ढहने के कारण हुई दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर कम से कम 50 हो गई है। अब तक 13 लोग लापता हैं। आपदा प्रतिरोधक एजेंसी के उप निदेशक बुदी इरावन ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले सप्ताह हुई इस दुर्घटना में अल खोजिनी इस्लामी बोर्डिंग स्कूल की इमारत का मलबा हटाने के लिए भारी मशीनों का उपयोग किया गया। रविवार देर रात बचावकर्मियों ने अस्सी प्रतिशत मलबा साफ कर लिया। ज्यादातर शव किशोर छात्रों के थे जो



कंक्रीट के भारी मलबों के नीचे दबे हुए थे। अब तक 50 शव बरामद किए गए हैं। राहत एवं बचाव टीम सोमवार रात तक मलबें में फंसे हुए 13 लोगों को बाहर निकालने की पूरी कोशिश करेगी। उन्होंने फंसे लोगों के जीवित होने की संभावना को बेहद क्षीण बताया। इस दौरान राहत एवं बचाव एजेंसी के एक अधिकारी युधी ब्रमांत्यो ने बताया कि मलबे में शरीर के क्षत विक्षत अंग बिखरे मिले हैं जिसके कारण मृतकों की संख्या कम से कम 54 हो सकती है। इमारत ढहने का कारण ऊपरी मंजिलों पर जारी निर्माण कार्य था, जिसे इमारत की नींव सहन नहीं कर सकी।

# उत्तर कोरिया के पहले 5,000 टन के विध्वंसक पोत का किम जोंग-उन ने किया दौरा

**प्योंगयांग,** (हि.स.)। उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग-उन ने रविवार को देश के पहले 5,000 टन के बहुउद्देशीय विध्वंसक युद्धपोत चोई ह्योन का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने नौसेना बल को दुश्मन के मुकाबले और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए मजबूत करने का आह्वान किया। यह दौरा सैन्य हार्डवेयर प्रदर्शनी का अवलोकन करने से पहले हुआ।

**नौसेना बल को सशक्त बनाने का आह्वान :** केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार किम जोंग-उन ने कहा कि देश की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए नौसेना की विशाल क्षमता का पूरा उपयोग होना चाहिए।



**हथियारों से लैस युद्धपोत और भविष्य की योजनाएँ :**

उत्तर कोरिया ने बताया कि चोई ह्योन में सुपरसोनिक रणनीतिक क्रूज मिसाइलें, सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलें और अन्य आधुनिक हथियार लगे हैं। जून में इसी श्रेणी का एक और विध्वंसक कांग कोन मरम्मत के बाद लॉन्च किया गया था। मई में प्रारंभिक प्रक्षेपण के दौरान युद्धपोत क्षतिग्रस्त होने के बाद इसे पुनः लॉन्च किया गया। उत्तर कोरिया अपनी नौसेना को और मजबूत करने के लिए अक्टूबर, 2026 तक एक और 5,000 टन का विध्वंसक बनाने की योजना बना रहा है।

उन्होंने पार्टी और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर नौसैनिक लड़ाकू बल के तेजी से विस्तार और विकास पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि वर्कर्स पार्टी राष्ट्रीय अधिकारों की रक्षा करते हुए लगातार अपने संघर्ष को जारी रखेगी।

# खैबर पख्तूनवा में बलोच लड़ाकों के हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत, एक घायल

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनवा प्रांत में एक पुलिस चौकी को निशाना बनाकर किए गए बलोच लड़ाकों के हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। समाचार पत्र डान ने पुलिस के हवाले से सोमवार को यह खबर दी। कोहाट जिला पुलिस अधिकारी डॉ. जाहिदुल्ला खान के मुताबिक बड़ी संख्या में लड़ाकों ने कोहाट के दर्रा आदमखेल में एक चौकी पर कल देर रात लगभग एक बजे कई तरफ से हमला किया। इसके बाद पुलिस और अज्ञात हमलावरों के बीच हुई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और एक फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) का अधिकारी घायल हो गया। गोलीबारी ढाई घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि अज्ञात हमलावरों का लक्ष्य चौकी पर कब्ज़ा करना था लेकिन उनकी कोशिश नाकाम कर दी गई। इस बाबत तलाशी अभियान में अब तक तीन विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए हैं। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने हमले की निंदा की और मृतक पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि देते हुए घायल पुलिस अधिकारी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। यह हमला खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले के पास बलोच लड़ाकों द्वारा की गई एक अन्य गोलीबारी की घटना के एक दिन बाद हुआ है। उस हमले में एक सैनिक मारा गया था और एक अन्य घायल हो गया था।

# महिला विश्व कप 2025 : पाकिस्तान पर मिली जीत के बाद बोलीं हरमनप्रीत- बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी पिच



**कोलंबो**, (हि.स.)। कोलंबो में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि यह टीम के लिए "बहुत अहम मुकाबला" था और जीत से वह "बहुत खुश" हैं, लेकिन यह आसान नहीं रहा।

भारत की बल्लेबाजी फिर एक बार लड़खड़ाई और टीम एक समय 203 रन पर 7 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि, ऋचा घोष ने अंत में नाबाद 35 रन (20 गेंदों पर) की ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को 247 तक पहुंचाया।

मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, "सच कहूं तो इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। हमने बस यह सोचा कि जितना लंबा खेल सकें उतना अच्छा रहेगा। पिछली बार जब हम यहां त्रिकोणीय सीरीज़ में खेले थे, तब विकेट अलग थे। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश से पिच में पकड़ आ गई थी। हमारी योजना थी कि आख़िरी तक विकेट बचाए रखें ताकि अंतिम ओवरों में रन बना सकें।"

गेंदबाजी में भारत की क्रांति गौड़ ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज़ गेंदबाज गौड़ ने पाकिस्तान की शुरुआत बिगाड़ते हुए शुरुआती दस ओवरों में सदफ शमास और आलिया रियाज़ के विकेट झटके। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट लिए और "प्लेयर ऑफ द मैच" चुनी गईं।

यह वही मैदान था जहां क्रांति ने इसी साल मई में अपना वनडे डेब्यू किया था। घरेलू वनडे फाइनल में उन्होंने चार गेंदों पर चार विकेट लेकर सभी को चौंका दिया था।

कप्तान हरमनप्रीत ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, "क्रांति ने शानदार गेंदबाजी की। रेनुका भी दूसरे छोर से अच्छी लाइन-लेंथ रख रही थीं, जिससे हमें शुरुआती ब्रेकथ्रू मिले।" हालांकि, भारत ने फील्डिंग में कई मौके गंवाए। टीम ने चार कैच छोड़े, जिनमें तीन कैच सिदरा अमीन के थे, जो पाकिस्तान की सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। हरमनप्रीत ने माना कि फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, "हमने फील्डिंग में खुद को निराश किया। हमें बहुत मौके मिले जो हम पकड़ नहीं सके, लेकिन जीत के बाद खुशी जरूर होती है।"

हरमनप्रीत ने आगे के मैचों को लेकर कहा, "अभी हम इस जीत का आनंद लेना चाहते हैं। सुधार के लिए कई क्षेत्र हैं, लेकिन फिलहाल जीत से खुशी है। हम भारत लौट रहे हैं, जहां की पिचों को हम बेहतर जानते हैं। देखना यह है कि अगली टीम संयोजन क्या होगा और हम दिन-ब-दिन कैसे बेहतर कर सकते हैं।" भारत अब अपने अगले दो मुकाबले 9 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सरजमीं (विशाखापत्तनम) पर खेलेगा।

# ला लीगा 2025-26 : सेविला ने बार्सिलोना को 4-1 से रौंदा

**सेविला,** (हि.स.)। सेविला ने रविवार को मौजूदा चैम्पियन बार्सिलोना को 4-1 से हराकर ला लीगा में उसकी अपराजेय शुरुआत पर विराम लगा दिया और उसे अंक तालिका में शीर्ष पर लौटने से रोक दिया।

यह 2015 के बाद सेविला की बार्सिलोना पर पहली लीग जीत रही, जिससे उसने आठ मैचों में 13 अंकों के साथ अस्थायी रूप से चौथा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, 19 अंकों के साथ बार्सिलोना दूसरे स्थान पर बनी रही, जो शीर्ष पर मौजूद रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है।



बार्सिलोना ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती आधे घंटे में एक भी शॉट ऑन टारगेट नहीं लिया, जबकि सेविला ने शुरुआती पलों में ही अलेक्सिस सांचेज़ को लंबी गेंदों से मौके देने की कोशिश की।

सेविला को 13वें मिनट में बढ़त मिली जब इसाक रोमरो बार्सिलोना के रोनाल्ड अराउजो से टकरा गए और वीएआर समीक्षा के बाद रेफरी ने पेनल्टी दी। सांचेज़ ने अपने पूर्व आर्सेनल साथी वोज्शिच शेज़नी को गलत दिशा में भेजते हुए गोल दाग दिया। 27वें मिनट में शेज़नी ने रोमरो के शॉट को रोककर सेविला की बढ़त को दोगुना होने से बचाया, लेकिन 37वें मिनट में रूबेन वर्गास के शानदार क्रॉस पर रोमरो ने पहला ही टच लेते हुए गोल कर दिया और स्कोर 2-0 कर दिया।

हाफ टाइम से ठीक पहले मार्कस रैशफोर्ड ने पेड्री के ऊंचे पास को बाएं पैर से नेट में पहुंचाकर बार्सिलोना की ओर से एक गोल वापस किया और स्कोर 2-1 कर दिया।

दूसरे हाफ में बार्सिलोना ने जोर लगाया और 76वें मिनट में बराबरी का मौका भी मिला, जब अडनान जानुजाज ने अलेजांद्रो बाल्डे को बॉक्स में गिरा दिया, लेकिन रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की पेनल्टी किक गोलपोस्ट के बाहर चली गई।

बार्सिलोना की उम्मीदें 90वें मिनट में खत्म हो गईं जब कारमोना ने डिफेंडर के पैरों के बीच से शॉट लगाकर स्कोर 3-1 कर दिया। इंजरी टाइम में सब्स्टीट्यूट एकोर एडम्स ने चिडेरा एजूके के पास पर गोल दागकर स्कोर 4-1 कर दिया। सेविला, जिसने लगातार दूसरा मैच जीता है, अब अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद 18 अक्टूबर को मल्लोर्का के खिलाफ खेलेगी, जबकि उसी दिन बार्सिलोना का मुकाबला गिरोना से होगा।

# बीसीसीआई महिला सीनियर टी-20 प्रतियोगिता : हिमाचल टीम की घोषणा, सुषमा वर्मा को कप्तान की जिम्मेदारी

**धर्मशाला,** (हि.स.)। बीसीसीआई महिला सीनियर (टी-20) एलीट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए हिमाचल की महिला सीनियर टीम की घोषणा कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने महिला वरिष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर टीम की सोमवार को घोषणा कर दी है। टीम का जिम्मा वरिष्ठ खिलाड़ी एवं पूर्व में भारतीय टीम का हिस्सा रही सुषमा वर्मा को दिया गया है।



चयनित टीम के खिलाड़ियों में नैंसी शर्मा चंबा, ज्योति ठाकुर कांगड़ा, प्रीती देवी कांगड़ा, सुष्मिता कुमारी किन्नौर, मोनिका कुल्लू, यमुना देवी कुल्लू, नीना चौधरी मंडी, निकिता मंडी, शिवानी मंडी, सोनल मंडी, देवांशी वर्मा शिमला, मनीषा शिमला, निकिता चौहान शिमला, प्राची चौहान शिमला, सुषमा वर्मा (कप्तान) शिमला, वासुवी फिश्टा शिमला शामिल हैं।

इसके अलावा टीम में सहायक कर्मचारियों में योगिंदर पुरी कोच, प्रेम सिंह सहायक कोच, शिवानी शर्मा फील्डिंग कोच, मनीषा फिजियो, वीना देवी प्रशिक्षक, आशुतोष पांडे वीडियो विश्लेषक, सोनाली ठाकुर मसाजर तथा शिव कपूर को बतौर प्रबंधक नियुक्त किया गया है।

# फुटबॉल को किक मारकर 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का मुख्यमंत्री उमर ने किया उद्घाटन

**श्रीनगर,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को श्रीनगर के टीआरसी फुटबॉल ग्राउंड में फुटबॉल को किक मारकर 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में एकता, मित्रता और आपसी समझ को बढ़ावा देने का माध्यम हैं।



**देशभर की 30 टीमें ले रही हैं भाग** : इस बार के राष्ट्रीय स्कूल खेलों में देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 30 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिताएं छह अलग-अलग स्थलों पर आयोजित की जा रही हैं, जिनमें फुटबॉल, वुशु, ताइक्वांडो और टेबल टेनिस की स्पर्धाएं शामिल हैं।

**मार्च पास्ट और शपथ ग्रहण से गूंजा मैदान** : उद्घाटन समारोह में 30 प्रतिभागी टीमों के मार्च पास्ट ने सभी का मन मोह लिया। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने निष्पक्ष खेल, अनुशासन और टीम वर्क की शपथ ली। कार्यक्रम में युवा सेवा एवं खेल मंत्री सतीश शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**खिलाड़ियों की सुविधा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान** : मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि उनके प्रवास और सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि किसी भी असुविधा की स्थिति में वे बेहिचक संपर्क करें।

# वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का 75 वर्ष की उम्र में निधन

**वलसेन (त्रिनिदाद),** (हि.स.)। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बर्नार्ड जूलियन का शनिवार को 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने वेस्टइंडीज की ओर से 24 टेस्ट और 12 वनडे मैच खेले। जूलियन ने 1975 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ 4 विकेट पर 20 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 27 रन और फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 रनों की अहम पारी खेली थी।



**क्लाइव लॉयड ने जताया शोक** : पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने जूलियन को 1975 की विजेता टीम का "अहम स्तंभ" बताया। उन्होंने कहा, "वह हमेशा जिम्मेदारी निभाने वाले खिलाड़ी थे। बल्ले और गेंद दोनों से भरोसेमंद प्रदर्शन करते थे। वे एक सच्चे टीम प्लेयर और शानदार क्रिकेटर थे।"

**लॉर्ड्स में दिया यादगार प्रदर्शन** : 1973 में लॉर्ड्स पर इंग्लैंड के खिलाफ जूलियन ने 121 रनों की मैच जिताने वाली पारी खेली थी, जबकि अगले वर्ष उन्होंने उसी टीम के खिलाफ पांच विकेट झटके थे। लॉयड ने कहा, "लॉर्ड्स में टेस्ट जीत के बाद दर्शकों से मिला प्यार अविस्मरणीय था।"

**वेस्टइंडीज बोर्ड ने दी श्रद्धांजलि** : वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने शोक जताते हुए कहा, "बर्नार्ड जूलियन का जीवन उद्देश्यपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा।" उन्होंने जूलियन के परिवार और शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# शंघाई मास्टर्स 2025: डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर

**शंघाई,** (हि.स.)। शंघाई मास्टर्स 2025 में मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर को रविवार को नीदरलैंड्स के टैलन ग्रीकस्पूर के खिलाफ तीसरे राउंड के मुकाबले में पैर की चोट के कारण मैच से रिटायर होना पड़ा।

विश्व नंबर दो सिनर को तीसरे सेट के चौथे गेम के दौरान पैर में तकलीफ महसूस हुई। उन्होंने खेल जारी रखने की कोशिश की, लेकिन स्कोर 6-7(3), 7-5, 3-2 के समय उन्होंने मुकाबला छोड़ दिया।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सिनर ने टाईब्रेक में शानदार खेल दिखाया और दो ऐस लगाकर शुरुआती बढ़त हासिल की।

दूसरे सेट में रोमांच और बढ़ गया। डच खिलाड़ी ग्रीकस्पूर ने दूसरे गेम में तीन ब्रेक प्वॉइंट बचाए और आखिरकार 11वें गेम में बैकहैंड शॉट से ब्रेक करते हुए सेट जीतकर मुकाबले को आधी रात के बाद तक खींच लिया।

तीसरे सेट के चौथे गेम में सिनर दर्द से झुक गए और कोर्ट पर लंगड़ाते हुए चलते दिखे। उनकी स्थिति अगले गेम में और बिगड़ गई, जिसके बाद उन्होंने कुछ आसान शॉट्स नेट में मारे और ग्रीकस्पूर को आसान ब्रेक मिल गया। अंततः उन्हें सहायता लेकर कोर्ट छोड़ना पड़ा और उन्होंने मैच से रिटायर होने का फैसला किया। सिनर की यह चोट गंभीर बताई जा रही है, और अब यह देखना होगा कि वह आगे आने वाले टूर्नामेंट्स में कितनी जल्दी वापसी कर पाते हैं।

# बोपन्ना, लुसियानो डार्डेरी और कोरेंटिन मौटे करेंगे टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 7 की अगुवाई

**मुंबई,** (हि.स.)।टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन इस वर्ष 9 से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम में खेला जाएगा। यह सीजन भारतीय टेनिस के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है, जिसमें भारत के दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रोहन बोपन्ना, इटली के लुसियानो डार्डेरी (विश्व रैंक 29), फ्रांस के कोरेंटिन मौटे (38) और एलेक्ज़ेंड्रे मुलर (39) जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

सीजन 7 की नीलामी 9 अक्टूबर को मुंबई में होगी, जहां आठों फ्रेंचाइजियां अपनी टीमों को मजबूत बनाने में जुटी हैं। अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना एसजी पाइपर्स बेंगलुरु से खेलेंगे, जबकि डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स, मौटे गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स, मुलर गुजरात पैंथर्स और आर्थर रिंडरकनेक (विश्व रैंक 54) हैदराबाद स्ट्राइकर्स से जुड़ेंगे। इसके अलावा बोस्निया के दामीर जुमहूर (पूर्व विश्व रैंक 23) यश मुंबई ईगल्स, अर्जेंटीना के टोमास मार्टिन एटचेवेरी (58) जीएस दिल्ली एसेस और चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी डालीबोर स्वर्शिना (91) चेन्नई स्मैशर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टीपीएल अब अपने सातवें संस्करण में प्रवेश कर भारत की सबसे सफल खेल लीगों में शामिल हो चुकी है। इसे लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति, रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे का समर्थन प्राप्त है। लीग के सह-संस्थापक कुनाल ठाकुर ने कहा कि इस बार की भागीदारी भारतीय टेनिस के युवाओं को नई प्रेरणा देगी। आठ फ्रेंचाइजियों के साथ यह सीजन टेनिस, जुनून और मनोरंजन का अनोखा संगम साबित होगा।

